


हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI NO :- UPHIN/2007/22595

# सहयोग सन्देश

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

❖वर्ष : 20 ❖अंक : 09 ❖ लखनऊ .रविवार 13 अक्टूबर 2025 ❖ पृष्ठ : 08 ❖मूल्य : 2.00 रु.




## नागपुर की तर्ज पर संवरेगा ग्वालियर का नौरोगेज म्यूजियम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्वालियर के तानसेन रोड पर स्थित नैरोगेज म्यूजियम को संवारने का काम जल्द शुरू हो सकता है। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने इस म्यूजियम का निरीक्षण किया था। वहीं, अब रेलवे बोर्ड की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेरिटेज आशिमा मेहरोत्रा और डिप्टी डायरेक्टर हेरिटेज राजेश कुमार ने भी म्यूजियम का दौरा किया है। बीजेपी नेता सुधीर गुप्ता ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा है। इस म्यूजियम को नागपुर के नैरोगेज म्यूजियम की तर्ज पर बनाने का आग्रह किया गया था। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए म्यूजियम का निरीक्षण किया है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशिमा मेहरोत्रा ने नैरोगेज हेरिटेज संग्रहालय के साथ ही लोको शेड का भी निरीक्षण किया। आशिमा मेहरोत्रा के अनुसार, इस हेरिटेज बिल्डिंग को रेनोवेशन की जरूरत है। इसे संग्रहालय के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए बिल्डिंग में संचालित होने वाले एडीईएन, एडीईई तथा एसीएम आफिस को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। सिंधिया स्टेट के दौर में 1885 में निर्मित नैरोगेज म्यूजियम ऐतिहासिक महत्व रखता है। हेरिटेज बिल्डिंग के पास जीर्ण-शीर्ण क्वार्टर को हटाकर वहां म्यूजियम का विस्तार किया जा सकता है। पर्यटक स्थल की तरह यह विस्तार नागपुर नैरोगेज हेरिटेज म्यूजियम की तरह होगा। नैरोगेज म्यूजियम के अलावा रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने घोसीपुरा से लेकर मोतीझील तक नैरोगेज ट्रैक का भी निरीक्षण किया। काफी समय से ट्रेन चलाने की मांग की जा रही है।

- **सिंधिया के बाद रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

# आधा कोच पार्सल से भरा, आधे में 100 यात्री भरे थे

## स्लीपर में भी जनरल जैसी भीड़, भोपाल स्टेशन पर 'अमृत संवाद' में खुलकर बोले यात्री

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर शनिवार को आयोजित 'अमृत संवाद' कार्यक्रम में यात्रियों ने रेलवे की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए। किसी ने स्टेशन पर ओवर चार्जिंग की शिकायत की, तो किसी ने स्लीपर कोच में बढ़ती भीड़ पर सवाल उठाया।कुछ यात्रियों ने रेलवे स्टाफ के व्यवहार और ट्रेन में सफाई को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम पंकज त्यागी और सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने यात्रियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और जवाब देते हुए कहा कि रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुधारने की दिशा में काम कर रहा है।

### स्लीपर में जनरल जैसी भीड़, अतिरिक्त ट्रेनों की मांग

बेंगलुरु के यात्री मनी कंटा ने बताया कि हाल ही में बेंगलुरु एक्सप्रेस से सफर के दौरान उनका टिकट स्लीपर क्लास का था, लेकिन ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि सीट पर कोई और बैठा था। उन्होंने शिकायत की, लेकिन समाधान में आठ घंटे से अधिक समय लगा। स्लीपर कोच में जनरल जैसी भीड़ होती है। यह स्थिति यात्रियों के लिए असुविधाजनक और असुरक्षित है। रेलवे को इस पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।इस पर डीआरएम पंकज त्यागी ने कहा जितनी मांग है, उतनी ट्रेनें अभी चलाना संभव नहीं है, लेकिन रेलवे लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने और नई ट्रेनों के संचालन की दिशा में काम कर रहा है। यात्रियों की शिकायत मिलते ही उसे जल्द से जल्द हल करने की कोशिश की जाती है।



### आधा कोच पार्सल से भरा, आधे में 100 यात्री

पुणे के पन्ना लाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं भोपाल आया और वापसी में नर्मदा एक्सप्रेस से जनरल कोच में बैठा। देखा कि आखिरी बोगी का आधा हिस्सा पार्सल से भरा था और बाकी आधे हिस्से में सौ से ज्यादा यात्री भरे हुए थे।आम आदमी आखिर कैसे सफर करे? उन्होंने आगे कहा कि रेल नीर की बोतल की एमआरपी 14 है, लेकिन ट्रेन में 20 वसूले जा रहे हैं। हमने विरोध किया तो कैंटीन मैनेजर ने माफी मांग ली, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। रेलवे को इस तरह की ओवर चार्जिंग पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।इस पर डीआरएम ने कहा कि रेलवे ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेता है और यात्रियों से अपील की किसी भी तरह की ओवर चार्जिंग या गलत व्यवहार पर चुप न रहें। तुरंत रेलवे हेल्पलाइन या स्टेशन प्रबंधन से शिकायत करें। जब जनता जागरूक होगी, तभी सिस्टम मजबूत बनेगा।

### मानवता सीखें रेलवे कर्मचारी, लखनऊ के आनंद चौबे की भावनात्मक अपील

लखनऊ के आनंद चौबे सेना से जुड़े हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें रेलवे से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन स्टेशन स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों को यात्रियों के प्रति थोड़ा मानवीय व्यवहार सीखने की जरूरत है। मेरी सिर्फ एक गुजारिश है स्टेशन पर वेटिंग लाउंज में कोई यात्री अगर सो रहा हो तो आरपीएफ स्टाफ उसे बार-बार न जगाए। उनका काम बैग देखना है, यात्री को जगाना नहीं। यह भी एक तरह से मानवता का हिस्सा है।

इस पर सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने जवाब दिया और कहा कि आपकी बात बिल्कुल सही है, यात्रियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन स्टेशन पर कई बार बाहरी या असंबंधित लोग भी आ जाते हैं। ऐसे में आरपीएफ यह सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति सही यात्री हो। फिर भी, हम निर्देश देंगे कि स्टाफ यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार करें।

### सफाई, वेटिंग रूम और जागरूकता पर भी हुई चर्चा

उड़ीसा की सुष्मिता ने कहा कि स्टेशन पर एसी वेटिंग हॉल की स्थिति ठीक नहीं है और शौचालय में तय दर से अधिक वसूली की जा रही है।इस पर डीआरएम ने बताया कि रेलवे ने सभी ट्रेनों में ओबीएचएस सिस्टम लागू किया है, जिसमें सफाईकर्मी हर समय ड्यूटी पर रहते हैं। यात्रियों को अपने अधिकार जानना चाहिए।

अगर सफाई या अन्य सुविधा में कमी दिखे तो तुरंत कॉल करें। रेलवे नियमित सरप्राइज चेक करता है ताकि गुणवत्ता बनी रहे।रेलवे ने कहा इस दौरान रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जब जनता जागेगी, तब रेलवे और मजबूत होगा रेलवे की सफलता जनता की सहभागिता पर निर्भर करती है। जब यात्री अपनी शिकायतें दर्ज कराएंगे, तब सुधार तेजी से होंगे। हमारा उद्देश्य हर यात्री को सुरक्षित, स्वच्छ और सहज यात्रा का अनुभव देना है।रेलवे प्रशासन ने बताया कि 'अमृत संवाद' जैसे संवाद कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और उनके समाधान पर तेजी से काम हो।

## 13 अक्टूबर को सुरों की शाम, यादों का कारवां

### भोपाल में अनिल श्रीवास्तव के द्वारा सुरों से होगी किशोर कुमार नाइट

भोपाल (नप्र)। भोपाल में 13 अक्टूबर सोमवार को रविंद्र भवन में किशोर कुमार नाइट का आयोजन होगा। यह विशेष आयोजन माध्या एडवर्टाइजिंग प्रा. लि. और द दंगल स्टोरी के बैनर तले मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इस संध्या में प्रसिद्ध गायक अनिल श्रीवास्तव अपनी आवाज में किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की झंकार बिखेरेंगे, जबकि 'के फॉर किशोर' और वेस्ट बंगाल बैंड अपने लाइव म्यूजिक से सुरों का जादू बिखेरेंगे।




यह संगीतमय आयोजन 13 अक्टूबर 2025, सोमवार शाम 7–30 बजे से हंसराज ऑडिटोरियम, रविंद्र भवन, भोपाल में आयोजित होगा।'द दंगल स्टोरी' मीडिया और सिद्धार्थ एंटरप्राइजेज आयोजन सहयोगी के रूप में इस शाम को और खास बनाएंगे। मध्या ग्रुप के डायरेक्टर सुशील अग्रवाल ने कहा- किशोर कुमार सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक युग हैं, जिन्हें हर पीढ़ी अपने तरीके से महसूस करती है। हमारा उद्देश्य उसी युग को दोबारा जीवंत करना है।

# पहले सिंधु समझौता रद्द किया, अब दिया दूसरा झटका

- चिनाब नदी पर सावलकोट प्रोजेक्ट को मिल गई मंजूरी
- पाक के बुरे दिन तय, नदियों के जल पर बढ़ेगा टकराव

**श्रीनगर (एजेंसी)।** भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में चेनाब नदी पर बनने वाले 1856 मेगावॉट के सावलकट जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी दे दी है। यह परियोजना रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है, खासकर ऐसे समय में जब भारत ने पाकिस्तान के साथ इंडस वाटर ट्रीटी यानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। करीब चार दशक से अटकी यह परियोजना अब फिर से गति पकड़ने जा रही है। इसे राष्ट्रीय जलविद्युत निगम दो चरणों में बनाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है और इसके तहत चेनाब नदी के जल का उपयोग रामबन, रियासी और ऊधमपुर जिलों में किया जाएगा। सावलकट परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा रोलर-कंपैक्टेड ग्रेविटी डैम बनाया जाएगा। इसके साथ ही एक अंडरग्राउंड पावरहाउस (भूमिगत विद्युत गृह) स्थापित किया जाएगा, जिसमें मशीन हॉल, टर्बाइन और जेनरेटर जैसी मुख्य इकाइयां होंगी।



- **1960 की संधि और भारत का अधिकार**– 1960 में साइन की गई इंडस वाटर ट्रीटी के तहत तीन पूर्वी नदियां– रावी, ब्यास और सतलुज भारत को दी गई थीं, जबकि तीन पश्चिमी नदियां– सिंधु, झेलम और चेनाब पाकिस्तान को आवंटित की गईं। हालांकि, भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग गैर–उपभोगी कार्यों जैसे रन–ऑफ–द–रिवर हाइड्रोपावर उत्पादन, नौवहन और मत्स्य पालन के लिए करने की अनुमति है। भारत ने पहलगाम हमले के बाद इस संधि को निलंबित कर दिया था।

## ग्वालियर में रेलवे के रिटायर्ड अधिकारी से 3.80 लाख ठगे

### सीबीआई ऑफिसर बनकर व्हाट्सएप वीडियो कॉल लगाया, डिजिटल अरेस्ट कर ट्रांसफर कराए रुपए

**ग्वालियर (नप्र)।** ग्वालियर में एक बार फिर एक रिटायर्ड रेलवे अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट करने का मामला सामने आया है। इस बार शातिर ठगों ने ग्वालियर रेलवे विभाग के चीफ टीएनसी के पद से सेवानिवृत सुधाकर यादव को अपना टारगेट बनाया है। शनिवार दोपहर 2 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। उनको डराया गया कि उनका मोबाइल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग केस में ट्रेस हुआ है। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई ऑफिसर बताया था।

सेवानिवृत 64 वर्षीय सुधाकर यादव पुत्र सूर्यदेव यादव निवासी ईओडब्ल्यू ऑफिस के पास डीबी सिटी ब्लॉक-सी फ्लैट नंबर 6 ने बताया कि रोज की तरह वह सुबह घर पर बैठे हुए थे, तभी उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप पर वीडियो काल आया और कॉल करने वाले ने उनसे बातचीत करते हुए बताया कि वह एक सीबीआई अधिकारी बताया कि उनका फोन 2 घंटे के अंदर बंद कर दिया जाएगा। जब सुधाकर यादव ने उससे पूछा कि उनका फोन क्यों बंद कर दिया जाएगा तो उसने बताया कि उनके ऊपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस है और आपके नाम पर किसी संदीप कुमार नाम के आदमी ने बैंक में खाता खोला है और आपके नाम से फोन उपयोग किया जा रहा है। उसने अपने आपको सीबीआई अधिकारी बताया और वह आईपीएस अधिकारी की यूनिफॉर्म पहने हुए था और बोला में इस केस की जांच कर रहा हूं, आपके नंबर पर बैंक अकाउंट खुला है, जो मनी लॉन्ड्रिंग में उपलब्ध हुआ है, तुम पर केस लगाया जाएगा।

**डिजिटल अरेस्ट का यह छठवां मामला**– ग्वालियर में पिछले दिनों में डिजिटल अरेस्ट का यह छठवां मामला है। 6 दिसंबर 2024 को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद दोनेरिया को डिजिटल अरेस्ट कर 50 हजार रुपए ठगे थे।

इससे पहले चार दिन पहले 2 दिसंबर 2024 को बिल्कुल इसी अंदाज में आयुर्वेदिक डॉक्टर को मनी लॉन्ड्रिंग केस में 29 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 21 लाख रुपए ठगे थे।

# तेजस्वी-राहुल का गेम बिगाड़ेंगे ओवैसी!

- 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी,पहले से 5 गुना ज्यादा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया (महागठबंधन) से इतर एक तीसरे मोर्चे की पहल ऑल इंडिया



मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से की जा रही है, जिसकी कमान पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने खुद संभाली है। एआईएमआईएम ने शनिवार को कहा कि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जो पिछले चुनावों में लड़ी गई सीटों से पांच गुना ज्यादा है। पार्टी के इस ऐलान के बाद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का गेम बिगड़ सकता है।

इससे अल्पसंख्यक वोटों में बंटवारा होने की संभावना है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने दावा किया कि उसका लक्ष्य बिहार में एक तीसरा विकल्प तैयार करना है, जहां वर्षों से राजनीति भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस-राजद गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

- **सीमांचल की पांच सीटों पर मिली थी जीत**– एआईएमआईएम ने 2015 में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई थी। पार्टी ने सीमांचल की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली। हालांकि, किशनगंज के कोचाधामन विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को करीब 37 हजार वोट मिले थे, जो कुल मतों का लगभग 26 प्रतिशत था।

# भारत ने सस्ता तेल देने वाले मित्र रूस से निभाई दोस्ती

- हिंदुस्तान के मोबिल से ताकत पा रहे सुखोई फाइटर जेट, यूक्रेनी लाल

**मॉस्को/कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने आरोप लगाया है कि भारत, रूसी लड़ाकू विमानों की क्षमता बढ़ाने वाले तेल की सप्लाई कर रहा है। ब्रिटिश अखबार द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट में कीव स्थित एक थिंक टैंक के हवाले से दावा किया गया है कि दिल्ली और मुंबई स्थित आधा दर्जन से ज्यादा भारतीय कंपनियों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं ने 2024 में रूस को ईंधन एडिटिव की सप्लाई की है। थिंक टैंक इकोनॉमिक सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ यूक्रेन ने आरोप लगाया है, कि भारत अब रूस के लड़ाकू विमानों के लिए उपयोग होने वाले ईंधन एडिटिव का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि दिल्ली और मुंबई स्थित आधा दर्जन से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने 2024 में रूस की तरफ से खरीदे गये ईंधन एडिटिव के लगभग आधे हिस्से की आपूर्ति की है। इन एडिटिव्स का इस्तेमाल एविएशन ईंधन में किया जाता है,ताकि विमानों की क्षमता बेहतर हो।



# अफगानी मंत्री की प्रेस कान्फ्रेंस में सियासी कोहराम

- महिला पत्रकारों की रोक पर बवाल, विपक्ष हो गया लाल
- प्रियंका बोलीं-महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं। वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल



जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। भारत दौरे पर अफगानी मंत्री, सिर्फ पुरुष पत्रकारों से बात की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की। हालांकि, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्ताकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा।

### राहुल समेत कई विपक्ष नेताओं ने पीएम पर निशाना साधा

राहुल गांधी–पीएम मोदी, जब आप महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंचों से बाहर रखने की इजाजत देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को यह बता रहे होते हैं कि आप बहुत कमजोर हैं और उनके लिए खड़े नहीं हो सकते।इस तरह के भेदभाव पर आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों की खोखलीपन को उजागर करती है।पी चिदंबरम– मुझे इस बात पर हैरानी है कि अफगानिस्तान के अमीर खान मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किया गया। मुझे लगता है कि जब पुरुष पत्रकारों को पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को नहीं बुलाया गया है, तो उन्हें बाहर चले जाना चाहिए था।महुआ मोइत्रा–एक भारतीय मुस्लिम अपनी छत पर नमाज नहीं पढ़ सकता, पैगंबर से प्यार का इजहार नहीं कर सकता है, लेकिन एक विदेशी मुस्लिम कट्टरपंथी अपनी आस्था के नाम पर हमारी जमीन पर हमारी औरतों के साथ हमारे कानूनों और मूल्यों का उल्लंघन करते हुए भेदभाव कर सकता है।इसके बारे में जरा सोचिए।

## संपादकीय

अविश्वास की रिकॉर्डिंग

# वैवाहिक विवादों में अब होगी सबूत

संक्रमणकाल से गुजर रहे भारतीय समाज में पति-पत्नी के दरकते रिश्ते समाजविज्ञानियों के लिए चिंता का विषय हैं। आये दिन विभिन्न अदालतों में ऐसे मामलों से जुड़े विवाद मीडिया की सुर्खियां बनते रहते हैं। निस्संदेह, भारतीय समाज में पहले ऐसे मामले कम ही नजर आते थे और विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा जाता रहा है। यहां तक कि हिंदू विमर्श में तलाक शब्द का कोई सटीक पर्यायवाची भी नहीं मिलता। लेकिन इधर रिश्तों में लगातार बढ़ता अविश्वास, अलगाव व विवाद वर्तमान समय की हकीकत है। बल्कि पिछले दिनों एक न्यायाधीश को यहां तक कहना पड़ा कि वैवाहिक विवादों के बोझ से न्यायिक प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है।

संक्रमणकाल से गुजर रहे भारतीय समाज में पति-पत्नी के दरकते रिश्ते समाजविज्ञानियों के लिए चिंता का विषय हैं। आये दिन विभिन्न अदालतों में ऐसे मामलों से जुड़े विवाद मीडिया की सुर्खियां बनते रहते हैं। निस्संदेह, भारतीय समाज में पहले ऐसे मामले कम ही नजर आते थे और विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा जाता रहा है। यहां तक कि हिंदू विमर्श में तलाक शब्द का कोई सटीक पर्यायवाची भी नहीं मिलता। लेकिन इधर रिश्तों में लगातार बढ़ता अविश्वास, अलगाव व विवाद वर्तमान समय की हकीकत है। बल्कि पिछले दिनों एक न्यायाधीश को यहां तक कहना पड़ा कि वैवाहिक विवादों के बोझ से न्यायिक प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। इसी क्रम में पिछले दिनों पति-पत्नी के विवाद में गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई फोन कॉल को साक्ष्य मानने की बात सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में कहा है कि पति या पत्नी द्वारा गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोन बातचीत अब एक सबूत के तौर पर स्वीकार होगी। शीर्ष अदालत का कहना था कि इस तरह की रिकॉर्डिंग फैमिली कोर्ट में एक अहम सबूत के तौर पर स्वीकार की जा सकती है। दरअसल, इस बाबत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को ही रद्द कर दिया। दरअसल, पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट का इस बाबत मानना था कि किसी पक्ष की जानकारी के बिना उसकी बातचीत को रिकॉर्ड करना उसकी निजता का उल्लंघन होगा। उच्च न्यायालय का तर्क था कि इस रिकॉर्डिंग को फैमिली कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का कहना था कि आमतौर पर पति-पत्नी सामान्य तौर पर या आवेश में खुलकर बात करते हैं। उन्हें इस बात का भान नहीं होता कि कहीं उनकी बात रिकॉर्ड हो रही है या उनकी बातचीत भविष्य में अदालत में साक्ष्य की तौर पर पेश की जा सकती है।अपने तर्क के समर्थन में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने कुछ न्यायिक फैसलों का भी जिक्र किया था। खासकर आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के एक फैसले का उल्लेख किया गया था, जिसमें कहा गया था कि पति-पत्नी की सहमति के बिना बातचीत को रिकॉर्ड करना निजता का उल्लंघन है। साथ ही गैर-कानूनी भी है। इस तरह के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## आज का विचार

समझने ही नहीं देती सियासत हम को सच्चाई
कभी चेहरा नहीं मिलता कभी दर्पन नहीं मिलता

**अज्ञात**



पुष्परंजन

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# दूरगामी रणनीति से बनेंगे पड़ोसियों से अच्छे संबंध

ठीक से देखा जाए, तो मोदी के कालखंड में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले संबंध रहे हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी।

किसी ने सोचा नहीं था, मोदी और मुइज्जू कभी ह्यसेम पेजह्ल पर आ पाएंगे। यों, पीएम मोदी मालदीव तीसरी बार जा रहे हैं। मगर, राष्ट्रपति मुइज्जू के शासन के दौरान उनकी यह पहली यात्रा होगी। उनकी इस यात्रा से माले और नई दिल्ली के बीच संबंधों की नई इबारत लिखी जाएगी। विश्लेषकों ने इसे चीन के प्रभाव को ह्यपछाड़ने और उससे आगे निकलनेह्ल का प्रयास बताया है। 2025 के भारतीय बजट में, मालदीव को 6 अरब रुपये के आवंटन के बाद माले का भरोसा दिल्ली पर बढ़ा, जो पिछले वर्ष के 4.7 अरब रुपये से अधिक थी।



इसे दक्षिण एशियाई लाभार्थियों में सबसे बड़ी वृद्धि बताया गया था। मोदी की मालदीव यात्रा पर केवल चीन-पाकिस्तान नहीं, अमेरिका की भी नजर है।

1 जनवरी, 2025 को चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौता (सीएमएफटीए) लागू हो गया, जिस पर 2014 में हस्ताक्षर हुए थे। मालदीव की संसद ने 2017 में इस व्यापार समझौते को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इब्राहिम सोलिह के नेतृत्व वाली सरकार ने 2018 में इसे निलंबित कर दिया था। पिछले साल जनवरी में, मालदीव और चीन ने पर्यटन सहयोग समझौते सहित 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए और एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। मुइज्जू प्रशासन ने चीन से लिए गए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के ऋणों के पुनर्गठन की भी मांग की।

मालदीव ने पिछले साल चीनी अनुसंधान पोत जियांग यांग होंग-3 को अपने जलक्षेत्र में आने की अनुमति दी थी, जिससे भारत में चिंताएं बढ़ गई थीं। जनवरी, 2025 में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने मालदीव का अचानक दौरा किया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से बातचीत की, और द्विपक्षीय संबंधों को दुरुस्त करने पर जोर दिया। वांग यी को लग रहा था कि भारत-चीन फिर से नजदीक आ रहे हैं।

यों, जनवरी, 2024 में ही संकेत मिल गया था कि मुइज्जू भारत से संतुलित सम्बन्ध बनाने को इच्छुक हैं। मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा शरीफ, और महजूम मजीद को निलंबित कर दिया था। 6 से 10 अक्तूबर, 2024 के दौरान मुइज्जू भारत आये और दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की, जहां दोनों ने एक संयुक्त विजन दस्तावेज जारी किया था। उस अवसर पर हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी। समझौते में कहा गया था कि भारत मालदीव के रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा, जिसमें भारत की मदद से निर्मित माले में अत्याधुनिक रक्षा मंत्रालय के भवन का उद्घाटन भी शामिल है।

ऐसा लगता है, मुइज्जू अपने चीन समर्थक होने का मुलम्मा उतारना चाहते हैं। दो साल से उन्हें ह्यप्रो चाइना प्रेसिडेंटह्ल ब्रांडेड किया गया था। नवंबर, 2023 में भारत-मालद्वीव उभयपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए, जब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, जिन्होंने ह्यइंडिया आउटह्ल का प्रचार किया था। उन्होंने राष्ट्रीय संप्रभुता की चिंताओं का हवाला देते हुए नई दिल्ली को भारत द्वारा उपहार में दिए गए दो हेलीकॉप्टरों और एक फिक्स्ड-विंग विमान का संचालन और रखरखाव करने वाले 89 सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश दिया था। इससे पाकिस्तान और चीन दोनों प्रसन्न थे।मालदीव-पाकिस्तान के संबंधों को समझना है तो वहां की संसद को देखिये, जिसका निर्माण पाकिस्तान ने 45 मिलियन रुपये लगाकर किया था। माले के मागू स्थित संसद भवन ह्यमजलिसह्ल का उद्घाटन 1 अगस्त, 1998 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की उपस्थिति में किया गया था। उसके 19 साल बाद, 25 जून, 2017 को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी पत्नी कलसूम नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था। नवाज को दोबारा मालदीव बुलाने से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन 7 मई, 2015 को इस्लामाबाद भी गये थे। पाक सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने मार्च, 2018 के अंत में मालदीव का दौरा किया था। इस समय पाकिस्तान में मालदीव के अधिकांश छात्र देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं। 550 से 600 मालदीवियन युवा अपंजीकृत तालिब मदरसों में दीक्षा ले रहे हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना। भारत, इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। वर्ष 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए, तो मोदी के कालखंड में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले संबंध रहे हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। आप मानें न मानें, पाकिस्तान, चीन, सऊदी अरब और तुर्की का नेक्सस की भूमिका दिल्ली से माले के संबंध बिगाड़ने में दरपेश रही है।

रविवार को अपने बयान में, राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय ने यह नहीं कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। बल्कि, बयान में यह उद्धृत था कि 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस और मालदीव-भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी कई संयुक्त परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

ऐसा क्या है, कि मालदीव से हमारी कनेक्टिविटी कम हो जाती है? ह्यपीपुल टू पीपुल कॉन्टेक्टह्ल, भारत की विदेश नीति का अहम हिस्सा है, लेकिन हम भाषाई और सांस्कृतिक रूप से सही से जुड़ नहीं पाए हैं। मालदीव किसी जमाने में हिन्दू और बौद्ध देश माना जाता था। इसके अंतिम सम्राट, राजा धोवेमी ने वर्ष 1153 में इस्लाम धर्म अपना लिया; और अपना नामांतरण कर इस्लामिक नाम सुल्तान मुहम्मद अल-आदिल रख लिया।

धिवेही वहां की आधिकारिक भाषा है। पाकिस्तान सरकार ने 25 जुलाई, 2024 को ह्यधिवेही बहुगे अकादमीह्ल को 10,000 अमेरिकी डॉलर का दान दिया। धिवेही भाषा अकादमी का प्रतिनिधिमंडल अनुवाद, संगोष्ठियों के बाइह्लस पाकिस्तान जाता रहा है। उर्दू और धिवेही के बीच सहयोग, डिजिटाइज की संभावनाओं को ये मिलकर आगे बढ़ा रहे सवाल हैं, भारत इस दिशा में पीछे क्यों रह गया? इश्धू लोमाफानु मालदीव में अब तक खोजी गई सबसे पुरानी ताम्रपत्र पुस्तक है। यह पुस्तक 1194 ईस्वी में बौद्ध राजा श्रीगगनआदित्य के शासनकाल में लिखी गई थी। आधुनिक युग में हुसैन सलाउद्दीन ने ह्यसियारथुन्नबवियाह्ल लिखा। कवि अद्दू बंदेयरी हसन मानिकुफान, मालदीव भाषा के सबसे महत्वपूर्ण प्रमुख साहित्यकार हैं, जिन्होंने ह्यधियोगे रायवरुह्ल लिखा। अन्य रचनाकारों में बोडुफेनवालहुगे सिदी, मरियम सईद, अमीना फैजा, इब्राहिम शिहाब, अब्दुल रशीद हुसैन की रचनाओं के भारतीय अदबी संसार कितना ज्ञात है? यह सवाल उठाना तो बनता है।

सुषमा जुगरान ध्यानी


# विकास की आकांक्षाओं के लिए परिवर्तन की बयार

इस बार उत्तराखंड से यह खबर इसलिए खासतौर पर सुर्खियों में है क्योंकि इन चुनावों में सरकारी सेवा से ससम्मान रिटायर होने वाले शिक्षक, प्रधानाचार्य और पुलिस व सेना के ऐसे वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हैं जिनका अब से पहले राजनीति से कोई लेना-देना नहीं रहा है और जो अपने पैतृक गांव लौटकर ग्राम प्रधान के रूप में उसके विकास का सपना मन में पाले हुए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उत्तराखंड में इस बार माहौल कुछ अलग तरह का नजर आ रहा है। अब जनता लोकतंत्र की इस सबसे छोटी इकाई के माध्यम से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की उम्मीद पाल रही है और इसमें सामान्य ग्रामीण जन से लेकर बौद्धिक और शिक्षित वर्ग तक की महत्वपूर्ण सहभागिता दिख रही है। गौरतलब है कि इस बार गांवों में बड़ी संख्या में निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने गये हैं। यही नहीं, उससे ऊपर क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य भी इसमें शामिल हैं। बताया जा रहा है कि 20,820 ग्राम पंचायत सदस्यों समेत कुल 22,429 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये हैं। इनमें 1361 ग्राम प्रधान, 240 क्षेत्र पंचायत सदस्य और आठ जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं।

हालांकि, पंचायत चुनाव में जनप्रतिनिधियों का निर्विरोध चुना जाना कोई नई बात नहीं है लेकिन इस बार उत्तराखंड से यह खबर इसलिए खासतौर पर सुर्खियों में है क्योंकि इन चुनावों में सरकारी सेवा से ससम्मान रिटायर होने वाले शिक्षक, प्रधानाचार्य और पुलिस व सेना के ऐसे वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हैं जिनका अब से पहले राजनीति से कोई लेना-देना नहीं रहा है और जो अपने पैतृक गांव लौटकर ग्राम प्रधान के रूप में उसके विकास का सपना मन में पाले हुए हैं। परिवर्तन की यह बयार गढ़वाल क्षेत्र के सुदूर उत्तरकाशी और भिलंगना घाटी से लेकर कुमाऊं के चंपावत और पिथौरागढ़ तक बह रही है। रिवर्स पलायन की इससे बड़ी नजीर भला और क्या हो सकती है!

निर्विरोध चुने गये 1361 ग्राम प्रधानों में सबसे ज्यादा खबरों में दो नाम ऐसे हैं जो सेना और पुलिस विभाग में बहुत ही ऊंचे पद से रिटायर होने के बाद अपने सुविधाहीन गांवों में लौट आये हैं जबकि ये भी दिल्ली, देहरादून या किसी सुविधा-संपन्न महानगर में आराम की जिंदगी बसर कर सकते थे। रिवर्स पलायन के विचार को व्यावहारिक धरातल पर उतारते हुए अपने गांव में बसने का निर्णय ले अब ये गांव वालों की आम सहमति से ग्राम प्रधान बन विकास के लिए प्रतिबद्ध दिखते हैं। इनमें पहला नाम है सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल नेगी का। पौड़ी जिले के बीरोंखाल ब्लाक के



वीरगणा गांव के मूल निवासी कर्नल यशपाल नेगी रिटायर होने के बाद अपने गांव लौटने के लिए कृत संकल्प थे। 2020 में जब वह सपत्नीक गांव लौट अपने बंजर पड़े खेतों को आबाद करने की मंशा से खेती-किसानी में जुट गये तो गांव वालों की खुशी का ठिकाना न रहा। आज कर्नल अपने लहलहाते खेतों के साथ जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं और उनके इस काम में उनकी पत्नी उनसे भी ज्यादा उत्साहित दिखती हैं। कर्नल यशपाल और उनकी पत्नी निःस्वार्थ भाव से गांव के बच्चों को शिक्षा और स्वरोजगार के प्रति भी प्रेरित कर रहे हैं। यही कारण है कि गांव वालों ने उन्हें एकमत से अपना प्रधान चुन लिया है।

ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नाम है पूर्व आईपीएस विमला गुंज्याल, जो पिथौरागढ़ के धारचूला स्थित व्यास घाटी के गुंजी गांव की मूल निवासी हैं। अविभाजित उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक 35 सालों के स्वर्णिम सेवाकाल के बाद पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर होने वाली विमला जी भी अब अपने पैतृक गांव गुंजी में रह रही हैं। गुंजी के ग्रामीणों की इच्छा पर उनके ग्राम प्रधान पद के लिए हामी भरने के बाद सभी दावेदारों ने अपने नाम वापस ले लिए और उन्हें निर्विरोध प्रधान चुन लिया। ऐसे ही टिहरी के अमिल्डा गांव ने अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य दिनेश डंगवाल को निर्विरोध अपना प्रधान चुना है। इनके अलावा भी ऐसे बहुत से शिक्षित और जागरूक ग्रामीण निर्विरोध प्रधान चुने गये हैं जिनका अब से पहले राजनीति से कोई सरोकार नहीं रहा है लेकिन अपने गांव के विकास के लिए उनके मन में भरपूर जज्बा है।

प्रबुद्ध या ईमानदार प्रतिनिधि को निर्विरोध चुनने संबंधी उत्तराखंड के जनमानस का यह हृदय परिवर्तन इसलिए उम्मीद जगा रहा है क्योंकि पंचायती राज अधिनियम के तहत जब से ग्राम प्रधानों को मानदेय के साथ ग्रामसभा के लिए निर्धारित फंड के वित्तीय अधिकार मिले हैं तब से एक अदद ग्राम प्रधानी के लिए भी साम-दाम-दंड-भेद की नीति के तहत आम चुनाव की तरह ही सिर फुटौवल मची दिखती है जो इस बार भी है ही, लेकिन कई ग्राम और क्षेत्र पंचायतों की तस्वीर बदली भी हुई है जो उत्तराखंड के सुखद भविष्य के लिए आशा की एक छोटी-सी किरण बनती दिख रही है। इस सकारात्मक पहल का सबसे तात्कालिक लाभ तो यही है कि चुनाव जीतने के लिए पैसों की बंदरबांट और मुर्गा व शराब-पार्टियों का जो घिनौना रूप दिखता है, उससे वातावरण विषाक्त होने से बच जाता है।

दरअसल, उत्तराखंड के लोग इस बात को तो बखूबी समझते रहे हैं कि राज्य निर्माण का सबसे बड़ा उद्देश्य दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों का विकास था लेकिन राज्य गठन से लेकर आज तक बारी-बारी से दो राष्ट्रीय दलों- भाजपा और कांग्रेस के हाथों सत्ता सौंपकर देहरादून में बैठकर अलग उत्तराखंड राज्य के उद्देश्य को कभी भी हासिल नहीं किया जा सकता है।

## आज का पाठ

व्यंग्य

### पाक के झूठ की बिजली से सच्चाई को करंट

पाकिस्तान के नेताओं ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के पांच हवाई जहाज गिरा दिये। यह परम झूठ था।

झूठ से अगर बिजली बनाना संभव होता तो पाकिस्तान पूरी दुनिया को बिजली निर्यात करने की स्थिति में आ जाता। पाकिस्तान झूठ बोलता है, यह दुनियाभर के देश जानते हैं, पर इस लेवल का झूठ बोल सकता है पाकिस्तान, यह अभी पता लग रहा है।

पाकिस्तान के नेता और जनरल भी झूठ बोलते हुए झूठ को नये स्तर पर ले जाते हैं। झूठ अगर कला हो, तो पाकिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा कलाकार देश है। बड़े अजीबोगरीब दिन हैं, पाकिस्तान खाने-पीने के पैसे इंटरनेशनल मानीटरी फंड से मांगता है, पर बम मिसाइल के पैसे खुद जुटा लेता है। वह दुनिया भर से यह कहकर भीख मांगता है कि अगर मदद नहीं मिली, तो उसके लोग भूख से मर जाएंगे। पैसे आते ही तो पाकिस्तान उस रकम को बम-बंदूक में लगा देता है। दुनिया का एकमात्र आतंकी जो भिखारी भी हो, वह सिर्फ पाकिस्तान ही है।

इंटरनेशनल मानीटरी फंड को पता है कि पाकिस्तान बम बंदूक में खर्च करता है फिर इंटरनेशनल मानीटरी फंड पाकिस्तान को कर्ज देता है। कर्ज क्यों देता है, क्योंकि आईएमएफ के हुक्मरान देशों को भी आतिशबाजी देखने में मजा आता है, चलती रहे आतिशबाजी कुछ देशों को देखने में मजा आता है। अमेरिका समेत तमाम देशों को लगता है कि भारत की जान को पाकिस्तान को लगाये रखो। पाकिस्तान को कुछ न कुछ देते रहो, ताकि भारत के लिए सिरदर्द बना रहे। अमेरिका पाकिस्तान का दोस्त है, अमेरिका भारत का भी दोस्त है। एक पाक शायर कतील शिफाई ने कहा था–

बड़ा मुंसिफ है अमेरिका उसे अल्लाह खुश रक्खे
ब-जोम-ए-ख़्वेश वो सब को बराबर प्यार देता है (ब-जोम यानी ताकत से, ख्वेश यानी अपने आप)
किसी को हमला करने के लिए देता है मीजाइल
किसी को इन से बचने के लिए रडार देता है।

अमेरिका पाक को आईएमएफ से कर्ज दिलवा देता है। फिर भारत से पूछता है कि अगर फाइटर हवाई जहाज खरीदने हों, तो खरीद लो हम दें देगे। अमेरिका भरपूर प्यार देता है। बदले में वह डालर ले लेता है।

पाक कह रहा है कि वह युद्ध जीत रहा है। उनकी इतिहास की किताबों में पाकिस्तान ने 1971 का युद्ध भी जीता है। पाकिस्तानी इतिहास की किताबों में पाकिस्तान ने हर युद्ध जीता है। सच्चाई में पाकिस्तान ने हर युद्ध हारा है।

**आलोक पुराणिक**

# हरौनी में दिनदहाड़े नाबालिग के साथ गैंगरेप, चार आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

## बंथरा में दिल दहलाने वाली वारदात– 17 वर्षीय युवती से त्रिभुवन के बाग में सामूहिक दुष्कर्म

**बंथरा।** बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी पुलिस चौकी के पास त्रिभुवन के बाग में एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके को स्तब्ध कर दिया है। एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ दिन के उजाले में चार युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता अपनी रिश्तेदारी में बहन के ससुराल दाराबनगर बरकोता (बहादुर के यहां) आई हुई थी। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बाजार हरौनी में हुई, जब युवती अपने परिचित लड़के मोहित (निवासी धावापुर) से बात करते हुए बाग की ओर बढ़ी।

पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, उनकी बेटी बाजार से लौट रही थी। इसी दौरान मोहित के साथ बातचीत करते हुए वह त्रिभुवन के बाग (पेट्रोल पंप के सामने) पहुंची। उसके साथ एक अन्य लड़की भी थी, जो रास्ते में लौट गई। मौके पर नशे में धुत चारों आरोपी—छोटू, बाबू, ललित और विशाल—पहुंचे। उन्होंने पहले मोहित को भगा दिया, फिर पीड़िता को डरा-धमकाकर बाग में घसीटा और बारी-बारी से उसके साथ दुराचार किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने और पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी, तथा बरी को छोड़कर फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही बुरी हालत में घर लौटी बेटी ने अपने पिता को आपबीती सुनाई। पिता ने तुरंत बंथरा थाने पहुंचकर चारों युवकों—छोटू, बाबू, ललित और विशाल—के खिलाफ बलात्कार, धमकी और अपहरण जैसे धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का प्रार्थना पत्र दिया। तहरीर में पिता ने लिखा, 卐मेरी बेटी को बाजार हरौनी में दोपहर समय करीब 12 बजे आई तभी मेरी बेटी का परिचित लड़का मोहित से बात करते हुए बाग में चली गई। आसपास के ही छोटू, बाबू, नाम के लड़कों ने परिचित लड़के को भगा दिया तथा मेरी बेटी को डरा धमका कर उसके साथ बारी-बारी से बलात्कार किया गया। घटना करने के बाद धमकाते हुए कि पुलिस शिकायत की तो जान से मार देंगे।卐बंथरा पुलिस और एसीपी की टीम ने तुरंत घटनास्थल

का जायजा लिया, वहीं देर शाम एडीसीपी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।प्रारंभिक जांच में आरोपी स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी आपराधिक प्रवृत्ति के बारे में ग्रामीणों ने आगाह किया। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, और पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।स्थानीय लोगों में

इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। हरौनी के प्रधान प्रतिनिधि समर सिंह ने कहा, 卐यह सभी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। इन सभी लोगों का एनकाउंटर किया जाना चाहिए।卐 ग्रामीणों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं का सिलसिला थमे। यह घटना इलाके में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े

कर रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाएगी।

# बंथरा में सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, ट्रक की चपेट में आया मोटरसाइकिल सवार

**बंथरा।** शनिवार दोपहर लगभग एक बजे लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बंथरा थाना क्षेत्र के शिवपुरा के पास पिलर संख्या 162-163 के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

मोटरसाइकिल सवार एक युवक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक उन्नाव जिले के मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद खेड़ा का निवासी था।पुलिस के अनुसार मृतक का नाम राजू (पुत्र स्व. राजाराम) है, जो मोटरसाइकिल (नंबर- UP 32 CL 4795) पर सवार होकर लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जा रहा था।

बिना हेलमेट लगाए तेज रफ्तार से ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में वह संतुलन बिगाड़ बैठा और ट्रक के नीचे आ गया। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने से उसकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही बंथरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव

कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने दुर्घटना वाली ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही ने इस हादसे को अंजाम दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, खासकर हेलमेट लगाना अनिवार्य है। यह हादसा हाईवे पर बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की एक और कड़ी जोड़ता है, जहां ओवरटेकिंग और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी आम समस्या बनी हुई है।

# कसमंडी में नए अल्ट्रासाउंड सेंटर और मलिहाबाद में पैथोलॉजी क्लिनिक का उद्घाटन

**मलिहाबाद।** कसमंडी चौकी क्षेत्र में आरपीएस अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन डॉ. अनित परिहार केजीएमयू ने फीता काटकर किया जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य और डायग्नोस्टिक सेवाओं को एक बड़ी मजबूती मिली है। डॉ. परिहार ने इस मौके पर कहा कि अब लोगों को तत्काल अल्ट्रासाउंड की सेवा और भी आसान हो गई है। यह सेंटर श्री हॉस्पिटल के सामने कमालू मार्केट कसमंडी कला में खोला गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटर के खुल जाने से अब क्षेत्रीय लोगों को शहर की तरह की सारी सुविधाएं यहीं कसमंडी कला में मिलेंगी और उन्हें लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा।सेंटर के संचालक संदीप श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह में आए सभी गणमान्य



व्यक्तियों डॉ. विजय यादव, डॉ. रूपेंद्र यादव, पूर्व प्रधान संजय साहू, अनीश राजा, मनीष यादव, अकिल शामिल थे के प्रति आभार व्यक्त किया। मलिहाबाद में पायनियर पैथोलॉजी क्लिनिक का भी हुआ शुभारंभवहीं दूसरी ओर मलिहाबाद में माल रोड नियर ह बाजार में पायनियर पैथोलॉजी क्लिनिक LLP का उद्घाटन भी किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व प्रधान अनीश राजा ने किया।संजय प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में कई पैथोलॉजी खुली हुई हैं जो मरीजों से भारी मात्रा में पैसे ले लेती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस नए पैथोलॉजी क्लिनिक में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यहां गरीब और असहाय लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और उन्हें उचित और सही ढंग से जाँच उपलब्ध कराई जाएगी।इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के उद्घाटन से मलिहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को डायग्नोस्टिक जाँच और अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सस्ती और सुलभ सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# हीरालाल यादव बालिका डिग्री कालेज में .आगाज वेलकम पार्टी- 2025“ का भव्य आयोजन

**लखनऊ।**

हीरालाल यादव बालिका डिग्री कॉलेज में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के स्वागत हेतु ÷आगाज वेलकम पार्टी- 2025÷ का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन राम सिंह यादव, रमेश चन्द्र, हरिनाम सिंह, प्रबन्ध निदेशक इं अनुराग यादव, प्रबन्ध निदेशिका इं. तनुष्का यादव, प्राचार्या डॉ. अनामिका श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

प्राचार्या डॉ.अनामिका श्रीवास्तव ने नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह समारोह छात्राओं में आत्मविश्वास, सौहार्द और संस्थान के प्रति गर्व की भावना को सुदृढ़ करता है।

कार्यक्रम में विभिन्न संकायों की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद ÷मिस फ्रेशर प्रतियोगिता÷ का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने रैंप वॉक, प्रश्नोत्तरी और टैलेंट राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं का चयन किया गया और उन्हें ताज, सैश व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**मिस फ्रेशर का खिताब** -बीए. से काजोल यादव, बी.एड से वैशाली कुकरेजा, बीकॉम से समृद्धि, बीबीए से काव्या अवस्थी, बीएससी से .बुशरा, एमए से प्रिया तथा एमकॉम. से आँचल पाल को प्राप्त हुआ।

रनर-अप के रूप में बीए से कशिश कनौजिया, बीएड से गरिमा राजपाल, बी.कॉम से गार्गी अवस्थी, बीबीएलए से आँचल बीएससी से रिया शुक्ला, एमए से नेहा खॉन तथा एमकॉम से अदिति विश्वकर्मा उपविजेता रहीं।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में चेयरमैन श्री राम सिंह यादव जी ने कहा कि -÷संस्कार, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही वास्तविक सफलता की कुंजी हैं। अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति आदर का भाव बनाए रखें, क्योंकि यही जीवन में सफलता की दिशा दिखाते हैं।÷ उन्होंने छात्राओं से जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्राची रायजादा ने किया तथा संचालन खुशबू खॉन और आर्या द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं।

# इंस्पेक्टर ने नियम की उड़ाई धज्जियां- खुद को जिम्मेदार अफसर समझ पहुंचाया झांसी जेल, हुआ निलंबित

**अली ने बताया खतरा, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार**

संवाददाता

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को नैनी सेंट्रल जेल से झांसी जेल पहुंचाने वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। नीयम की धज्जियां उड़ाने इंस्पेक्टर पर का आरोप लगा था। इसी आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई कर विभागीय जांच बैठा दी गई है।

नैनी सेंट्रल जेल से झांसी जेल ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा के लिए इंस्पेक्टर अशोक कुमार, दो दरोगा और पांच हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान अली अहमद ने मीडिया को बयान देते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी कि अब न सताया जाए। नियम का उल्लंघन और सुरक्षा में चूक मानते हुए कार्रवाई की गई है। झांसी पहुंचने पर अली ने पुलिस की मौजूदगी मीडिया से बातचीत करते हुए कई बात कही थी। इसके बाद झांसी जेल के भीतर अली की तलाशी का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि नियम का उल्लंघन होने पर इंस्पेक्टर अशोक कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच बैठाई गई है। इस मामले में इंस्पेक्टर के साथ गए दो दारोगा और पांच हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल का भी बयान लिया जाएगा। नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध रहे बंदी अली अहमद को एक अक्टूबर 2025 को झांसी जेल में शिफ्ट किया गया था।

**पांच करोड़ रुपये रंगदारी, धमकी का दर्ज है मामला**

चकिया निवासी एक प्रापर्टी डीलर ने अली अहमद और उसके साथियों पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में 30 जुलाई 2022 को अली ने कोर्ट में सरेंडर किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में नैनी सेंट्रल जेल भेजा गया था। जेल में रहने के दौरान ही प्रदेश के चर्चित उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की हत्या के मामले में भी अली को आरोपित बनाया गया था। नैनी सेंट्रल जेल में अली से मिलने के लिए एक वकील गया था। इस मामले में लापरवाही मिलने पर डिप्टी जेलर कांति देवी और जेल वार्डर संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही अली के बैरक की निगरानी और बढ़ा दी गई थी।

# डीजीपी का सख्त फरमान- पटाखा बनाने के लिए बारूद का ढेर लगा मिला तो होगी जेल

**राजधानी लखनऊ सहित यूपी के अलग-अलग जिलों में हुई घटना को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाने के लिए दिए निर्देश**
**सिलसिलेवार हुई घटना के बाद अफसरों की टूटी नींद, अब दनादन हो रही कार्रवाई**
**लापरवाही मिली तो नपेंगे थानेदार, सर्किल अफसरों की भी होगी जवाब देही**
**राजधानी लखनऊ सहित यूपी के अलग-अलग जिलों में हुई घटना को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाने के लिए दिए निर्देश**
**सिलसिलेवार हुई घटना के बाद अफसरों की टूटी नींद, अब दनादन हो रही कार्रवाई**
**लापरवाही मिली तो नपेंगे थानेदार, सर्किल अफसरों की भी होगी जवाब देही**

संवाददाता

**लखनऊ।** अवैध पटाखा रखना और बनाना महंगा पड़ सकता है। दोषी पाए जाने पर न सिर्फ पूछताछ नहीं, बल्कि जेल भी जाना पड़ सकता है। बीते दिनों और हाल ही में राजधानी लखनऊ सहित यूपी के अलग-अलग जिलों में अवैध पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट के दौरान हुई मौतों पर यूपी के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इसकी रोकथाम के लिए सभी जिलों के पुलिस कमिश्नर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अधीक्षक को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध तरीके से पटाखा फैक्ट्री चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही सामने आने पर संबंधित थाने के कोतवाल व एसओ के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई हो सकती है।डीजीपी राजीव कृष्ण ने निर्देश दिया है कि प्रदेश के किसी भी जिले में अवैध पटाखा फैक्ट्रियों को न चलने दिया जाए। विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध पटाखा फैक्ट्रियों को संचालित करने वालों पर कार्रवाई हो और इसकी जिम्मेदारी सर्किल अफसरों, इंस्पेक्टरों व एसओ सौंपी जाए। पुलिस मुख्यालय से जारी हुई प्रेस नोट के मुताबिक पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने निर्देश देते हुए कहा कि बीते दिनों और हाल ही में पटाखा फैक्ट्रियों में हुए विस्फोट के दौरान कई लोगों की मौत हो गई। अवैध पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों में विस्फोट की लगातार हो रही घटनाओं की रोकथाम के लिए डीजीपी ने विशेष चेकिंग अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यूपी के सभी पुलिस अफसर अपने-अपने मातहतों के साथ बैठक कर उन्हें चेकिंग अभियान चलाने के लिए कहें।

# अयोध्या- पगला भारी हुए विस्फोट पर पुलिस थ्योरी पर सांसद अवधेश प्रसाद ने गंभीर उठाए सवाल

**अयोध्या- पगला भारी हुए विस्फोट पर पुलिस थ्योरी पर सांसद अवधेश प्रसाद ने गंभीर उठाए सवाल**

संवाददाता

**लखनऊ।** अयोध्या जिले के पूरा कलंदर क्षेत्र स्थित के पगला भारी गांव में हुए ब्लास्ट पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने पुलिस की जांच थ्योरी पर सवाल खड़ा कर दिया है। सांसद अवधेश प्रसाद ने गैस सिलेंडर से धमाका होने की पुलिस थ्योरी को खारिज कर दिया है।




सांसद का पुलिस प्रशासन पर आरोप है कि अगर विस्फोट कुकिंग गैस सिलेंडर ब्लास्ट से हुआ तो दूसरे दिन भवन का मलवा हटाने के दौरान फिर ब्लास्ट क्यों हुआ। उनका कहना है कि यह घटना पुलिस की लापरवाही छिपाने की कोशिश है।सांसद ने बताया कि मृतक रामकुमार गुप्ता लंबे समय से पटाखों का कारोबार कर रहा था। पिछले साल अप्रैल माह में उसके घर में हुए विस्फोट में उसकी मां, पत्नी और एक लड़की की मौत हुई थी। सपा सांसद का आरोप है कि पुलिस ने उस समय रामकुमार को खतरनाक व्यवसाय करने से नहीं रोका। गांव वालों ने उसे बाहर किया था, लेकिन उसने खेत में घर बनाकर फिर से पटाखा निर्माण शुरू किया।

# शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया गहनता से निरीक्षण

संवाददाता


**लखनऊ।** बाराबंकी जिले में संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 (यूपी पीसीएस) और सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा परीक्षा-2025 को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को जिले के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का गहनता से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल एवं फर्नीचर की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, प्रवेश द्वारों पर प्रभावी फ्रिस्किंग व्यवस्था करने तथा सभी मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम फतेहपुर सहित अन्य अधिकारी निरीक्षण में मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी, जिनमें 5 राजकीय विद्यालय, 6 सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय और 2 डिग्री कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा की पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगी, जिसमें प्रत्येक पाली में लगभग 5280 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु 13 केंद्र व्यवस्थापक, 13 सह-केंद्र व्यवस्थापक, 13 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

# तैयारी- धनतेरस और दीपावली पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह रहेगा पुलिस का पहरा

**शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों की प्रमुख बाजारों में रहेगी पुलिस की पैनी नजर**
**पटाखा फोड़ने की आड़ में किसी ने खुराफात किया तो होगी कड़ी कार्रवाई- पुलिस कमिश्नर**

संवाददाता

**लखनऊ।** आगामी होने वाले पर्व यानी धनतेरस और दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने कमर कस ली है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों की प्रमुख



बाजारों में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किए जाने की तैयारी है।वीडियो कैमरे की पैनी नजर हर एक शख्स पर होगी और भीड़ के बीच सादी वर्दी में पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी व थानेदारों सख्त निर्देश दिए हैं कि इस दौरान किसी ने कोई खुराफात करने की कोशिश की तो वह उनके साथ सख्ती से पेश आएंगे।

पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर का फरमान जारी होते ही राजधानी लखनऊ की पुलिस सकते में आ गई है और सभी सर्किल अफसर अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर पैदल गश्त शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आधार कार्ड में संशोधन के लिए उमड़ रही भीड़

**फरीदाबाद।** उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को आधार कार्ड संशोधन के लिए भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही लोग लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। नाम सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट और मोबाइल नंबर जोड़ने या बदलवाने जैसी समस्याओं को लेकर लोग परेशान नजर आए। कई नागरिकों ने बताया कि वे कई बार कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन अब तक उनका काम पूरा नहीं हो पाया है। पलवल निवासी किशन स्वरूप अपने दो पोतों का बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए पांच बार उपायुक्त कार्यालय आ चुके हैं, लेकिन अभी तक उनका कार्य नहीं हो सका। सीकरी निवासी खुशी का कहना है कि उनके दसवीं के अंकपत्र में और आधार कार्ड में अलग अलग नाम दर्ज हैं। वह इसे सुधार करवाने के लिए अब तक छह बार कार्यालय आ चुकी हैं लेकिन अब तक उनका काम नहीं हो पाया है। वहीं मुजेसर निवासी रामलखन ने बताया कि वह अपने आधार में मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं। बल्लभगढ़ की रहने वाली शिवानी परिवार की वार्षिक आय में गलत प्रविष्टि को सुधरवाने के लिए आईं थी। उन्होंने बताया कि अचानक उनका राशन कार्ड से नाम कट गया। राशन डीलर ने बताया कि परिवार की वार्षिक आय में वृद्धि दर्ज होने की वजह से ऐसा हुआ है। इसमें संशोधन कराना पड़ेगा।

### आवंटित सीटों पर प्रवेश स्थिति 10 अक्तूबर तक अपडेट करने के निर्देश

**गुरुग्राम।** शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को आरटीई के तहत छात्रों के प्रवेश से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया है। निदेशालय ने कहा है कि कई जिलों में अब तक विद्यालयों ने आरटीई के अंतर्गत आवंटित छात्रों की प्रवेश स्थिति पोर्टल पर अपडेट नहीं की है। जबकि इसके लिए कई निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसी के मद्देनजर सभी स्कूलों को 10 अक्तूबर तक आरटीई पोर्टल पर आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को प्रत्येक आरटीई आवंटित छात्र की स्थिति कारणों सहित अपलोड करनी होगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई और समय नहीं दिया जाएगा।

## कॉलेज में अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल, लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में बीते दिनों आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में कुछ छात्रों की ओर से अश्लील नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का वीडियो देखने के बाद अब इलाके के लोग और अभिभावक नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने एसडीएम मयंक भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय भाटी,सुनील कुमार, संदीप चौधरी, एचपी जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कॉलेज में नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि कॉलेज जैसे शिक्षा संस्थान में इस तरह के कार्यक्रम होना गलत है। लोगों का मानना है कि इस तरह की प्रस्तुतियां बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। अभिभावकों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि उनकी बेटियां और बहनें इस कॉलेज में पढ़ती हैं और उन्हें अश्लील और अनुचित कार्यक्रमों से दूर रखना चाहिए। सामाजिक संगठनों ने भी कहा कि कॉलेज में कार्यक्रम से छात्रों को बुरी आदतों के खिलाफ जागरूक करना चाहिए। इस तरह की गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे छात्रों की मानसिकता पर बुरा असर पड़ेगा। इसके विरोध में स्थानीय लोग शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और ज्ञापन सौंपा। लोगों ने प्रशासन को भी चेतावनी दी कि यदि सात दिन के अंदर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## एडीजीपी की आत्महत्या मामले में चर्चा में आए अधिकारी जिले में रह चुके हैं तैनात

**फरीदाबाद/गुरुग्राम।** एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या के मामले से चर्चा में आए आईपीएस अधिकारियों में से चार फरीदाबाद में भी तैनात रहे हैं।

इनमें पूर्व डीजीपी पी के अग्रवाल, मौजूदा डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी अमिताभ ढिल्लो और एडीजीपी संजय कुमार के नाम शामिल हैं। इस मामले में पांच पुलिस अधिकारी व दो आईएस अधिकारी गुरुग्राम में तैनात रहे हैं। आईपीएस अधिकारी वाई पूरण छह माह तक संयुक्त पुलिस आयुक्त पद पर गुरुग्राम में तैनात रहे थे।

पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि साल 2009 में फरीदाबाद में पुलिस कमिश्नरेट




व्यवस्था लागू हुई थी। तब सेवानिवृत्त हो चुके आईपीएस अधिकारी पी के अग्रवाल फरीदाबाद के पहले पुलिस आयुक्त रहे थे। इनके अलावा मौजूदा डीजीपी शत्रुजीत कपूर भी फरीदाबाद में पुलिस आयुक्त रह चुके हैं। आईपीएस आत्महत्या मामले में सूसाइड नोट में सामने आए नामों में इन दो अधिकारियों के अलावा एडीजीपी स्तर के दो अन्य अधिकारी भी फरीदाबाद में पुलिस आयुक्त के पद पर रह चुके हैं। इनमें एडीजीपी अमिताभ ढिल्लो और एडीजीपी संजय कुमार शामिल हैं। दूसरी ओर, गुरुग्राम में कला रामचंद्रन पुलिस आयुक्त पद पर तैनात रहीं, संदीप खिरवार संयुक्त पुलिस आयुक्त पद पर तैनात रहे, कुलविन्द्र व डीसीपी क्राइम के पद पर नरेंद्र बिजार्निया तैनात रह चुके हैं। साथ ही इस मामले में जिन आईएएस अधिकारी का नाम बताया जा रहा है उसमें अनुराग रस्तोगी गुरुग्राम के उपायुक्त व राजेश खुल्लर नगर निगम आयुक्त के पद पर तैनात रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी के साथ मिलकर चचेरे भाई की दुकान लूटी, 24 घंटे में गिरफ्तार

**दिल्ली :** समयपुर बादली में पैसे की जरूरत को पूरा करने के लिए एक युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर चचेरे भाई की ज्वेलरी की दुकान में लूटपाट की। बदमाश दुकान से दस सोने की चेन लूटकर भाग गए। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए घटना के 24 घंटे के अंदर पीड़ित के दो चचेरे भाइयों विशाल और मनीष के साथ सुमित को गिरफ्तार कर लिया। सुमित राष्ट्रीय स्तर का वालीबॉल खिलाड़ी है और नरेला में हत्या के एक मामले में शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से 15 लाख कीमत की दस सोने की चेन, मोबाइल र 10,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।



बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 4 अक्तूबर को पुलिस को रोहिणी सेक्टर-18 स्थित ज्वेलरी की दुकान में लूटपाट की सूचना मिली। मौके पर पुलिस को शिकायतकर्ता बादली निवासी अनिल कुमार मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि बदमाश उनकी आंखों में मिर्च स्प्रे छिड़ककर करीब दस सोने की चेन लूटकर भागे हैं। वह सोनी ज्वैलर्स के नाम से एक ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। पीड़ित ने बताया कि दोपहर में वह दुकान में मौजूद थे। करीब डेढ़ बजे उनका चचेरा भाई बहादुरगढ़ हरियाणा निवासी विशाल एक साथी के साथ उनकी दुकान पर आया। उसने अनिल से कुछ सोने की चेन दिखाने को कहा और कहा कि उसका दोस्त सोने की चेन खरीदना चाहता है। पीड़ित ने काउंटर पर 10-11 सोने की चेन वाली ट्रे रख दी। कुछ समय बाद विशाल मोबाइल पर बात करते हुए दुकान से बाहर चला गया जबकि उसका साथी उनकी आंखों पर मिर्च स्प्रे कर सभी सोने की चेन लूटकर भाग गया।

थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इसमें बदमाश वारदात के बाद कार से भागते हुए दिखे। बदमाशों के परिचित होने की वजह से पुलिस ने तकनीकी जांच करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर ही तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान विशाल वर्मा, ककरौला निवासी उसका चचेरा भाई मनीष वर्मा और सेक्टर-19 द्वारका निवासी सुमित डबास के रूप में हुई। विशाल और सुमित डबास के पास से पांच-पांच सोने की चेन, 10,000 रुपये नकद और 40,000 रुपये कीमत का एक मोबाइल फोन मिला। जांच में पता चला कि आरोपियों ने एक सोने की चेन बेचकर अपने दो खातों में 80,000 रुपये जमा करवाए हैं, पुलिस ने उस खाते को फ्रीज कर दिया है।

### जेल में हुई थी विशाल और सुमित की दोस्ती

पूछताछ में पता चला कि विशाल वर्मा पीड़ित का चचेरा भाई है। उसे शराब पीने और इधर-उधर फालतू में पैसे खर्च करने का शौक है। अक्तूबर 2024 में शाहबाद डेयरी थाना पुलिस ने उसे छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। वहीं, मनीष वर्मा विशाल का चचेरा भाई है और विशाल वर्मा के साथ ही घूमता है। सुमित राष्ट्रीय स्तर का वालीबॉल खिलाड़ी है। वह नरेला थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में शामिल रहा है। पूछताछ में पता चला कि दिसंबर 2024 को विशाल और सुमित की तिहाड़ जेल में दोस्ती हुई थी। विशाल जनवरी 2025 में जेल से बाहर आया और हाल ही में उसकी शादी हुई। सुमित डबास 18-19 महीने से ज्यादा जेल में रहने के बाद हाल ही में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आया था।

दशहरा से एक दिन पहले रामलीला मैदान में दोनों की मुलाकात हुई। दोनों को पैसों की जरूरत थी।

## ट्रेनों के बाद अब लंबी दूरी कीं बसें भी हो रहीं फुल

**साहिबाबाद।** दीपावाली और छठ पर घर जाने वालों की भीड़ अब रेलवे स्टेशन से बस डिपो पर पहुंचने लगी है। ट्रेनों में सीटें फुल होने के बाद लोग उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की लंबी दूरी वाली बसों की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि दीपावाली के दिन 20 अक्तूबर को भी परिवहन निगम की बसों की सीटों की फुल बुकिंग है। एआरएम अंशुल भटनागर ने बताया कि लंबी दूरी वाली बसों में लोग लगातार ऑनलाइन सीटें बुक कर रहे हैं। परिवहन निगम मान कर चल रहा है कि यात्रियों की भीड़ 15 अक्तूबर से बसों में शुरू हो जाएगी जो छठ तक बनी रहेगी। एआरएम ने बताया कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की भीड़ के लिए परिवहन निगम पूरी तरह तैयार है। यात्रियों की भीड़ बढ़ते ही बसों के अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे। लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 200 से अधिक अतिरिक्स बस लगाई जाएंगी, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो सके। यह बसें छठ महापर्व तक संचालित रहेंगी। हालांकि दीपावली पर घर जाने वाले लोगों की भीड़ अभी डिपो पर नहीं दिख रही है। अधिकारियों का कहना है कि धनतेरस से घर जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ती है। इसके लिए सभी डिपो पर तैयारियों के दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

## युवक से बैग छीनकर भागे चोर, बैंक खाते से निकाली रकम

**साहिबाबाद।** बिजनौर नकीबपुर खजूरी थाना नहटौर निवासी अंकुल कुमार को बातों में उलझाकर चोरों ने उनका बैग छीन लिया और भाग गए। इसके बाद बैग में रखे मोबाइल फोन के जरिए 67,370 रुपये खाते से निकाल लिए। वहीं बैग में रखी 25 हजार रुपये की नकदी पर भी हाथ साफ कर लिया। मामला पांच अक्तूबर की शाम का है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में अंकुल कुमार ने बताया कि वह दिल्ली के मालवीयनगर में किराये पर रहकर नौकरी करते हैं। पांच अक्तूबर को वह गांव जाने के लिए मेट्रो से मोहननगर आए थे और बस का इंतजार कर रहे थे। रात करीब 7:30 बजे दो लड़के उनके पास पहुंचे और जयपुर जाने का रास्ता पूछने लगे। खुद को इस शहर का न बताते हुए उन्होंने युवकों से मना कर दिया। इसके बाद दोनों ने उन्हें बातों में उलझाया और मोबाइल फोन और बैग लेकर भाग गए। बैग में 25 हजार रुपये उनके और भाई के शैक्षिक दस्तावेज व मोबाइल रखा था। एक दिन बाद उन्होंने बैंक खाता देखा तो उसमें से आरोपियों ने 67,370 रुपये निकाल लिए।

## एसबीआई में ग्राहक मित्र की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 50 हजार ठगे

**कौशांबी।** वैशाली स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में ग्राहक मित्र के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर मोहन नगर के अर्थला निवासी विकास चौधरी से 50 हजार की ठगी हो गई। ठगी का आरोप पीड़ित के परिचित साहिबाबाद क्षेत्र स्थित संजय कॉलोनी निवासी बिजेंद्र भारती पर है। मामला आठ अक्तूबर को सामने आया जब आरोपी के दिए फर्जी नियुक्त पत्र को लेकर पीड़ित बैंक शाखा में नियुक्ति लेने पहुंचा। बैंक प्रबंधक ने विकास चौधरी को बिठाकर पुलिस को बुलाया और पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं नौ अक्तूबर की रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मुकदमे में विकास चौधरी ने बताया कि वह काफी समय से बेरोजगार थे। इस दौरान उनके परिचित बिजेंद्र भारती ने एसबीआई में ग्राहक मित्र पद पर नौकरी लगवाने की बात कही।

## कूड़े से आजादी अभियान में एमसीडी फेल, मंत्री की बैठक में नहीं पहुंचे आयुक्त; सरकार अब एक्शन के मूड में



**नई दिल्ली :** दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलाने के नाम पर दो महीने से चले लंबे अभियान की अब पोल खुलने लगी है। दिल्ली सरकार के अभियान की समीक्षा बैठक में शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने एमसीडी के कामकाज पर तीखी नाराजगी जाहिर की। इतनी अहम समीक्षा बैठक में एमसीडी के आयुक्त ही नहीं पहुंचे। उनकी अनुपस्थिति ने सरकार की नाराजगी को और बढ़ा दिया।

सूत्रों के अनुसार, आशीष सूद ने कहा कि जिस तात्कालिकता और गंभीरता से यह अभियान चलाया जाना चाहिए था, वह जमीन पर कहीं दिखाई नहीं दी। जनता को दिखावे नहीं, नतीजे चाहिए। उन्होंने एमसीडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा और नेता सदन प्रवेश वाही को भी जमकर फटकार लगाई। मंत्री ने कहा कि गली-मोहल्लों में नियमित कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था में सुधार के मामले में नतीजे निराशाजनक रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ भविष्य में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर स्तर पर सहयोग दिया, लेकिन एमसीडी का रवैया ढीला और मनमाना बना रहा। जब अफसर ही जिम्मेदारी से भागेंगे तो कर्मचारी और ठेकेदार कैसे जवाबदेह बनेंगे? बैठक में पेश की गई रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि कई जोन में कूड़ा प्रबंधन की स्थिति जस की तस है। डोर-टू-डोर कलेक्शन अधूरा है, सेग्रीगेशन (गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण) में लापरवाही बरती जा रही है और रीसाइक्लिंग इकाइयों तक कचरा पहुंचने की प्रक्रिया बाधित है। इसके अलावा कूड़ा उठाने के लिए लोडर व अन्य वाहन नहीं खरीदे गए। मंत्री ने निर्देश दिया कि इस स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए, अन्यथा कार्रवाई तय है। मंत्री ने एमसीडी की उच्च स्तरीय समन्वय बैठकों की भी समीक्षा की और पूछा कि यदि नियमित निगरानी बैठकें हो रही थीं, तो जमीन पर सुधार क्यों नहीं दिख रहा। उन्होंने इस बात पर भी असंतोष जताया कि निगम प्रशासन की ओर से कई बार मांगी गई प्रगति रिपोर्ट समय पर नहीं दी गई।

## नौ लोगों से 51.85 लाख रुपये की साइबर ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 9 लोगों से 51.85 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में दो महिलाएं व एक युवती भी शामिल है। आरोपियों ने शेयर बाजार में निवेश, प्रीपेड टास्क, क्रेडिट कार्ड केवाईसी समेत अन्य बहानों से ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सभी मामलों में बृहस्पतिवार को साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में ग्रीनफील्ड कॉलोनी निवासी अमित चौहान ने 17 अगस्त को फेसबुक विज्ञापन देखकर वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। बाद में एडमिन ने संपर्क किया और निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। कई ट्रांजेक्शन में 30 सितंबर तक 34 लाख 5 हजार रुपये निवेश कर दिए। अब रिफंड नहीं दिया जा रहा है। दूसरे मामले में सैनिक कॉलोनी निवासी युवती ने बताया कि 7 अक्टूबर को ठगों ने टेलीग्राम टास्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 31 हजार रुपये ठग लिए। तीसरे मामले में एनआईटी निवासी महिला ने बताया कि 25 से 28 अप्रैल के दौरान ठगों ने शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा




देकर 2.01 लाख रुपये ठग लिए। चौथे मामले में सेक्टर-88 निवासी शशि शर्मा ने बताया कि 20 सितंबर को ठगों ने क्रेडिट कार्ड से 2,72,600 रुपये की ठगी कर ली। पांचवें मामले में सेक्टर-15ए निवासी अमित ने बताया कि 10 सितंबर को ठगों ने इंस्टा पर लिंक भेजकर ट्रेडिंग के नाम पर 1,17,500 रुपये ठग लिए। छठे मामले में कारखाना बाग निवासी महिला ने बताया कि 24 व 25 जुलाई को ठगों ने इंडिया मार्ट पर ए4 शीट खरीदने के बहाने 38,400 रुपये ठग लिए।

## फर्जी बीमा पॉलिसी बेचने वाले दो और आरोपी पकड़े



**गाजियाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने फर्जी बीमा पॉलिसी बेचकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के दो और बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाश ठगी के रुपयों को ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाते मुहैया कराते थे। टीम ने 26 जून 2025 को इस गिरोह का पदार्फाश कर सात आरोपियों से ठगी के 4.50 करोड़ रुपये बरामद किए थे अभी भी गिरोह के तीन सदस्य पुलिस पकड़ से बाहर हैं। एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम निशांत त्यागी उर्फ काकू (24) निवासी वीवीआईपी सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन नंदग्राम और अनुज कुमार (30) निवासी ग्राम सैदपुर थाना मोदीनगर बताए हैं। आरोपियों से एक ठगी में प्रयोग किए जाने वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि ये गिरोह रिलायंस, भारती हेक्सा, सिगना टीटीके, एचडीएफसी तथा बजाज की जीवन बीमा पॉलिसी और हेल्थ बीमा पॉलिसी के नाम पर कूटरचित रसीद का प्रयोग कर लोगों से बीमा के नाम पर रुपये ट्रांसफर कराते थे। जून 2025 में इस गिरोह के अमन अग्रवाल, राहुल यादव, आफताब आलम, राहुल शर्मा, दीपक, गर्वित त्यागी और जगजीत सिंह को गिरफ्तार कर 26 मोबाइल फोन, छह चेकबुक, 14 एटीएम, कार और 4.50 करोड़ रुपये बरामद कर जेल भेजे गए थे।

## एक कोर्स में 30 सीटें, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दाखिला




**गाजियाबाद।** कम्युनिटी डवलपमेंट थ्रू पॉलिटेक्निक (सीडीटीपी) के अंतर्गत फिलहाल हाउस वायरिंग, कटिंग एंड टेलरिंग, ऑटो कैड व सवेईंग ड्राफ्टमैन का कोर्स संचालित होगा। इन कोर्सों में सीटें भरने के बाद अन्य कोर्स शुरू कराने पर विचार किया जाएगा। इन चार कोर्सों में दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे। इसके लिए आवेदनकर्ता को किसी शैक्षिक प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होगी। आधार आदि पहचान का कोई भी प्रमाण लाना अनिवार्य है।

सीडीटीपी के चीफ प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर व राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. जानबेग लोनी ने मिसलगढ़ी स्थित केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक में ऑटो कैड, सवेईंग ड्राफ्टमैन कोर्स संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा मिसलगढ़ केंद्र पर हाउस वायरिंग व कटिंग एंड टेलरिंग कोर्स संचालित होगा। इन कोर्सों के लिए प्रशिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। दाखिले शुरू हो चुके हैं। एक कोर्स में 30 सीट हैं, इन सभी सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिले किए जाएंगे। छह माह के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए किसी तरह का कोई शुल्क भी नहीं है।

### दूसरी ओपन मेरिट की कट ऑफ रही 75.37 फीसदी :

गाजियाबाद। एमएमएच कॉलेज में विधि पाठ्यक्रम में अब 18 सीटें रिक्त हैं। इन सीटों पर दाखिले के लिए शुक्रवार को दूसरी ओपन मेरिट जारी की गई। इसमें सामान्य के लिए कटऑफ 75.37, ओबीसी की 70.62 फीसदी रही। कॉलेज के विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज त्यागी ने बताया कि 11 व 13 अक्तूबर को रिक्त सीटों पर दूसरी मेरिट के दाखिले किए जाएंगे। इन दो दिनों में सभी सीटें भरने की संभावना है। इसके बाद पढाई शुरू होगी। बता दें कि एमएमएच कॉलेज में ईडब्ल्यूएस को छोड़कर विधि पाठ्यक्रम की 120 सीटें हैं।

## सीए से ठगी: जमीन बचने के नाम पर हड़पे लाखों रुपये, पुलिस ने दर्ज किया केस




**नोएडा:** नोएडा में जमीन बेचने के नाम पर 5 युवकों ने मिलकर सीए से लाखों रुपये की ठगी कर ली। बाद में पता चला कि जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर है। जानकारी पर सीए ने थाना हरीपर्वत में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस केस दर्जकर जांच में जुट गई है। कमला नगर थाना क्षेत्र के न्यू राधा नगर निवासी सीए आलोक अग्रवाल ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि संजय प्लेस में उनका कार्यालय है। 18 अगस्त को दोपहर 3 बजे जिला-गौतमबुद्ध नगर के गांव मकौड़ा, दादरी निवासी अनुराग गुप्ता, विकास, मि गुप्ता, कमल अग्रवाल और कविंद्र उनके पास आए थे। उन्होंने जमीन खरीदने के लिए कहा। सहमत होने पर आरोपियों ने 30 अगस्त को गांव चूहड़पुर खादर नोएडा ले जाकर जमीन दिखाई। जमीन पसंद आने पर उन्होंने 2 लाख रुपये एडवांस दे दिए। आरोपियों ने टोकन रसीद भी दी। 4 सितंबर को उन्हें नोयडा बुला लिया। वहां 24 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। जमीन का इकरारनामा हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया।

## 3.45 करोड़ की ठगी के आरोप में एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन पर एक और केस दर्ज

**फरीदाबाद।** निवेशकों से रुपये लेकर हर महीने मुनाफा देने के बहाने ठगी के आरोप में एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल पर एक नई एफआईआर दर्ज हुई है। सेक्टर-31 थाना में अनिल जिंदल के अलावा एसआरएस लिमिटेड और ट्रस्टवर्थी जेम्स एंड ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भी आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि अनिल जिंदल पर ये 86वीं एफआईआर फरीदाबाद पुलिस ने दर्ज की है।

अनिल जिंदल को अप्रैल 2018 में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत मिली। अब एक नई एफआईआर इनके




खिलाफ दर्ज की गई है। सेक्टर-2 बल्लभगढ़ निवासी कारोबारी मोहित गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रेडिंग कंपनी चलाते हैं और चीनी व घी के थोक विक्रेता हैं। आरोप है कि साल 2014 में बल्लभगढ़ मार्केट में इनके कई पहचान वालों ने एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल के पास रुपये निवेश किए जिन्हें अच्छा मुनाफा मिल रहा था। वो भी उनकी बातों में आ गए। 2014 में उनकी मुलाकात अनिल जिंदल से हुई। अनिल जिंदल ने निवेश रकम के बदले मुनाफा या अपनी कंपनी की ओर से बनाए गए जा रहे फ्लैट या मंझावली गांव में बनाए जा रहे फॉर्म हाउस देने का झांसा दिया। शिकायतकर्ता ने 5.05 करोड़ रुपये अनिल जिंदल के कहने पर ट्रस्टवर्थी जेम्स एंड ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस कंपनी के निदेशक सोनू गोयल व सागर हैं। कंपनी एसआरएस ग्रुप की सिस्टर कंसर्न कंपनी है।

19 अगस्त 2015 को रुपयों की जरूरत पड़ने पर उन्होंने1.60 करोड़ रुपये वापस ले लिए। 3.45 करोड़ का निवेश बच गया। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ समय तक तो रिटर्न मिला। बाद में अपने रुपये व रिटर्न मांगे तो भरोसा दिलाया गया कि 16 फ्लैट व फॉर्म हाउस दिए जाएंगे। बाद में अनिल जिंदल व अन्य जेल चले गए तो उनकी तारीख पर पेशी के दौरान वह आरोपियों से मिले। आरोपियों ने भरोसा दिया कि जमानत पर आने के बाद वे रुपये लौटा देंगे। दिसंबर 2024 में अनिल जिंदल के जमानत पर आने के बाद उसके ऑफिस गए तो बाउंसरों ने मिलने तक नहीं दिया और जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। अब सेक्टर-31 थाना में साजिश के तहत ठगी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

सार समाचार

## श्रीलंका में दिसानायके ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज अपने मंत्रिमंडल में पहला फेरबदल किया। इसी के साथ मंत्रिमंडल में दिसानायके सहित कुल 23 सदस्य हो गए। यह संख्या संविधान के तहत निर्धारित 25 सदस्यों की अधिकतम सीमा से अभी भी दो कम है। डेली मिरर अखबार के अनुसार नए मंत्रियों और उप मंत्रियों को सुबह 10 बजे राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति के समक्ष शपथ दिलाई गई। दिसानायके ने सालभर पहले पहले नेशनल पीपुल्स पॉवर सरकार का गठन किया था।

## काठमांडू में जुलूस, धरना प्रदर्शन करने पर रोक



**काठमांडू।** काठमांडू जिला प्रशासन ने राजधानी में किसी भी प्रकार के राजनीतिक सभा, सम्मेलन, विरोध, प्रदर्शन और धरना आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। काठमांडू में पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली की पार्टी नेकपा एमाले के युवा संगठन ने वर्तमान सरकार और जेन जी समूह के खिलाफ मोटरसाइकिल रैली निकलने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एक ही दिन में कई संगठनों की तरफ से एक ही स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने के बाद यह फैसला लिया गया है।

## पाक सेना ने ओरकजई हमले में शामिल 30 आतंकी मारे



**रावलपिंडी।** पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि सात अक्टूबर को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ओरकजई जिले में हुए हमले से जुड़े 30 आतंकवादियों को मार गिराया गया। मीडिया शाखा ने कहा कि सुरक्षा बल इस जघन्य घटना में शामिल आतंकवादियों की तलाश में चप्पा-चप्पा छान रहे हैं। इस आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर ओरकजई जिले के जमाल माया क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया है।

## न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल जेम्स के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कट्टर राजनीतिक विरोधी न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स पर एक बंधक धोखाधड़ी मामले में अभियोग लगाया गया। ट्रंप ने संघीय न्याय विभाग से इस मामले को सामने लाने का आग्रह किया था। लेटिटिया जेम्स डेमोक्रेट हैं। वह ट्रंप पर मुकदमा दायर कर उनसे लोहा ले चुकी हैं। जेम्स खुलेआम आरोप लगाती रही हैं कि ट्रंप ने अपना व्यापारिक साम्राज्य झूठ की बुनियाद पर खड़ा किया है।

## श्रीलंका ने 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, नावें जब्त



**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने यहां कहा कि उत्तरी श्रीलंका के तलाईमन्नार में 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी पांच नौकाएं जब्त कर ली गई हैं। उन पर श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। ये गिरफ्तारियां मन्नार और डेल्फ्ट के समुद्री क्षेत्रों में चलाए गए समन्वित गश्ती अभियानों के दौरान की गईं।

# फिलीपींस में 7.6 की तीव्रता का भूकंप, लोग सुरक्षित स्थानों पर भागे





एजेंसी, मनीला

फिलीपींस में शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ गए। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजकर 43 मिनट पर दक्षिणी द्वीप मिंडानाओ में धरती कांप उठी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.6 मापी गई है। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि समुद्र में एक मीटर से ऊंची लहरें उठने की संभावना जताई गई है। इसी के चलते सुनामी अलर्ट जारी कर दिया गया है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। प्रशासन ने समुद्र तट के पास रहने वाले लोगों को ऊंचे इलाकों की ओर जाने की सलाह दी है। मिंडानाओ और उसके आसपास के क्षेत्रों में सबसे ज्यादा असर देखा गया है। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच चुके हैं। अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन कई इलाकों में इमारतों और दीवारों में दरारें आने की सूचना मिली है।

### ऑफ्टरशॉक्स का खतरा

फिलवोल्क्स ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आने वाले घंटों में ऑफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद आने वाले झटके) महसूस किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन लगातार तटीय इलाकों पर नजर बनाए हुए है और सुनामी की स्थिति में तुरंत निकासी की तैयारी कर ली गई है।

### पहले भी भूकंपों को झेल चुका है फिलीपींस

फिलीपींस भूकंपीय दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। यह देश प्रशांत महासागर के "रिंग ऑफ फायर" ज़ोन में आता है, जहां ज्वालामुखी और भूकंप की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां कई बार 6 से ऊपर की तीव्रता वाले भूकंप दर्ज किए जा चुके हैं।

**इजराइल** कैबिनेट ने आतंकी समूह हमास युद्धविराम समझौते को मंजूरी दी

# हमास से युद्धविराम समझौते के पहले चरण को इजराइल ने दी मंजूरी

एजेंसी, तेल अवीव

इजराइल कैबिनेट ने आखिरकार आतंकी समूह हमास के साथ गाजा युद्धविराम समझौते के प्रथम चरण को स्वीकार करते हुए अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। दोनों पक्षों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस महत्वपूर्ण योजना पर सहमति जताते हुए मिस्र में परोक्ष वार्ता के दौरान शांति प्रयासों के प्रथम चरण पर समझौता मानने की हामी भरी थी। कैबिनेट की मंजूरी दिलाने में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश को भरोसे में लिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि गाजा में बंधक बनाए गए सभी इजराइली लोगों को अगले हफ्ते की शुरुआत में रिहा कर दिया जाएगा। सीएनएन न्यूज चैनल पर कैबिनेट की मंजूरी संबंधी प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, बावजूद इसके यह स्पष्ट नहीं हो सका कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को लड़ाई रोकने का आदेश दिया है या नहीं। कैबिनेट की मंजूरी से पहले शुक्रवार सुबह इजराइली युद्धक विमानों ने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस पर जोरदार हवाई हमले किए। यही नहीं, जिस दिन इजराइल ने मिस्र में ट्रंप की इस योजना पर सहमति जताई, उसी दिन गाजा पट्टी में कम से कम 37 लोग मारे गए। वैश्विक नेताओं को उम्मीद है कि इससे रक्तपात रुकेगा।



### समझौते का सार

**समझौते का सार :** प्रथम चरण के समझौते का सार है सभी बंधकों की रिहाई। इजराइली सेना की एक सहमत बिंदु पर वापसी। कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई।

**हमास को आस :** शीर्ष हमास नेता ओसामा हमदान ने कहा कि बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में युद्ध की समाप्ति की औपचारिक घोषणा की जानी चाहिए। एक इजराइली सूत्र के अनुसार, समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की सूची पर बातचीत जारी है।

**अमेरिका की भूमिका :** अमेरिका इस योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए मिस्र, कतर, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के सैनिकों के साथ मध्य पूर्व में 200 सैनिक भेज रहा है।

**रिहाई की राह :** ट्रंप ने कहा कि शेष बंधकों को अगले सप्ताह सोमवार या मंगलवार को गाजा से रिहा कर दिया जाएगा। वह खुद गाजा की यात्रा कर सकते हैं।

**संकट और सहायता :** संयुक्त राष्ट्र आपातकालीन राहत समन्वयक ने कहा कि लगभग 170,000 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य सामग्री गाजा में भेजने के लिए तैयार है।

**जीने की जंग :** इस समझाते से मध्य गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनियों ने खुशी जताई है। विस्थापित अला अल-मधौन कहा कि हम यह सोचकर खुश हैं कि अपने घरों को लौटेंगे। पुनर्निर्माण करेंगे। बच्चे अपने स्कूलों में वापस जाएंगे। निश्चिंत होकर शांति से रहेंगे। इस खुशी में गाजा पट्टी के राफाह स्थित अल-मवासी में जश्न मनाया गया है। लोगों का कहना है कि गोलियों के आवाज सुनते-सुनते कान के परदे जर्द पड़ गए हैं। लोगों का कहना है कि हम अपने घरों में वापस लौटकर सुखी से रहेंगे, भले ही वह मलबे के ऊपर ही क्यों न हों।

**चिंता की चिंगारी :** गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि गाजा पट्टी के नागरिक विशेष रूप से गाजा शहर के निवासी अभी भी सावधान रहें। जब तक इजराइली बलों की वापसी की आधिकारिक घोषणा नहीं हो जाती और संबंधित अधिकारी पुष्टि नहीं कर देते तब जहां हैं वहीं रहें।

**गरजता आसमान :** बहरहाल, आज (शुक्रवार) सुबह दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के केंद्र में जोरदार हवाई हमले हुए। तोपखाने से गोले बरसते रहे।

**तालिबान बोला–** पाकिस्तान हमसे उलझना बंद करे

# काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक टीटीपी चीफ को मारने का दावा

एजेंसी, काबुल

पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने टीटीपी चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। उसकी कार और गेस्टहाउस को निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। वहीं, तालिबान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा- पाकिस्तान हमसे उलझना बंद कर दे। अफगानिस्तान को परेशान करने की गलती न करे। ब्रिटेन और अमेरिका से पूछ लो, जो हमसे युद्ध लड़ चुके हैं। तो वे बताएंगे कि यह खेल अच्छा नहीं है। हमें दोस्ती चाहिए, झगड़ा नहीं।

### पूर्व अमेरिकी राजदूत ने चेताया– हमले से खतरा, बातचीत ही हल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच इन दिनों तनाव बढ़ता ही जा रहा है। वहीं इस तनाव को लेकर चर्चा ज्यादा तेज तब हो गई जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर हाल ही में हमले किए। ऐसे में अमेरिका के पूर्व राजदूत जाल्मे खलीलजाद ने इस विषय को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने पाकिस्तान के इस कदम को बड़ा खतरा और खतरनाक कदम बताया है। शुक्रवार को खलीलजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य तनाव समाधान नहीं, बल्कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है उन्होंने कहा कि दुरंड लाइन के दोनों ओर मौजूद आतंकियों के खिलाफ इस्लामाबाद और काबुल को मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि एक-दूसरे पर हमले करके स्थिति को और बिगाड़ना चाहिए। खलीलजाद ने दावा किया कि पाकिस्तान अफगानिस्तान और बलूच अलगाववादियों के खिलाफ आईएसआईएस का समर्थन कर रहा है, जबकि तालिबान टीटीपी (पाकिस्तानी तालिबान) को छूट दे रहा है। यह दोहरे मापदंड दोनों देशों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने क्या कहा था

इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी हाल ही में संसद में कहा था कि यदि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमला हुआ तो जवाबी कार्रवाई में नुकसान को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने दो टूक कहा कि अब बहुत हो चुका है। गौरतलब है कि यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है जब अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुताकी भारत के दौरे पर आए हैं। 9 से 16 अक्तूबर तक चलने वाला यह दौरा तालिबान सरकार के किसी वरिष्ठ प्रतिनिधि की भारत की पहली यात्रा है, जो 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद हो रही है।

### पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बना टीटीपी

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

**अमेरिकी** हमलों से घबराई वेनेजुएला सरकार

# संयुक्त राष्ट्र परिषद का आपात सत्र बुलाने की मांग

एजेंसी, कराकास

अमेरिका द्वारा कैरेबियाई समुद्री क्षेत्र में कई बार वेनेजुएला की नौकाओं का निशाना बनाया है। अमेरिका का आरोप है कि इन नौकाओं के जरिए अमेरिका में ड्रग तस्करी की जा रही थी। वहीं अमेरिकी हमलों से वेनेजुएला सरकार घबरा गई है और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गुहार लगाकर आपातकालीन सत्र बुलाने की मांग की है। वेनेजुएला ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से एक आपातकालीन सत्र बुलाने का अनुरोध किया, जिसमें वेनेजुएला के तटीय जलक्षेत्र में हाल के हफ्तों में हुई अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों पर चर्चा की मांग की गई है। वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के राजदूत और परिषद के अध्यक्ष वसीली नेबेंजिया को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा। इस पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पैदा करने का आरोप लगाया गया। मादुरो सरकार ने आशंका जताई कि जल्द ही वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला हो सकता है।



## इजराइल विरोधी प्रदर्शन रोकने की कोशिश में जुटी शहबाज सरकार, इंटरनेट बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में गाजा के समर्थन और इजराइल के विरोध में हो रहे धार्मिक संगठन तेहरिक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) का विरोध प्रदर्शन दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। ऐसे में प्रदर्शन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए और इसे रोकने के लिए प्रशासन ने शुक्रवार को राजधानी इस्लामाबाद के मुख्य रास्ते बंद कर दिए और मोबाइल इंटरनेट सेवा भी निलंबित कर दी। बता दें कि टीएलपी ने गाजा में हुई हत्याओं के खिलाफ मार्च की घोषणा की थी, जो क्षेत्र में शांति समझौते के बीच हो रहा था बता दें कि आंतरिक मंत्रालय ने मुख्य रास्तों पर कंटेनर लगाकर रास्ता बंद कर दिया और पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को मोबाइल इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया। यह सेवा मध्यरात्रि से अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर के रास्ते बंद किए हैं और प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए दंगाइयों के खिलाफ तैयारियां कर रखी हैं। इतना ही नहीं रावलपिंडी में धारा 144 भी लागू कर दी गई है, जिसके तहत शहर में सभी प्रकार के प्रदर्शन, जुलूस और सभा पर रोक लगी है।

**आग** की लपटें और घना धुआं उठता दिखाई दिया

# अमेरिका के टेनेसी में सैन्य आयुध सयंत्र में धमाका, कई लोगों के मारे जाने की आशंका

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के टेनेसी में सेना के गोला-बारूद संयंत्र में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत हो गई और कुछ लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर लगातार हो रहे धमाकों के कारण बचाव दलों को बचावकार्य में बाधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था, जिससे मीलों दूर स्थित घर तक हिल गए हिकमैन काउंटी शेरिफ कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह विस्फोट एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स में हुआ है। जिस जगह पर विस्फोट हुए हैं, वह नैशविले से लगभग 97 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित बक्सनॉर्ट शहर के पास की पहाड़ियों में स्थिति हैं। आठ इमारतों वाले इस संयंत्र में विस्फोटक बनाए जाते हैं और उनका परीक्षण किया जाता है। इस समय हमारे कई लोग लापता हैं। हम उन परिवारों और स्थिति का ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे कुछ लोगों की मौत भी हुई है। विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में मलबे के ढेर से आग की लपटें और घना धुआं उठता दिखाई दे रहा है।



### लगातार हो रहे विस्फोट के चलते बचाव कार्य में आई देरी

स्थानीय अधिकारी ने बताया कि लगातार विस्फोटों के कारण आपातकालीन दल के सदस्य शुरुआत में संयंत्र में घुस नहीं पाए। उनके पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि कोई हताहत हुआ है या नहीं। घटनास्थल से कुछ किलोमीटर दूर रहने वाले स्थानीय निवासियों ने बताया, उन्होंने अपने घरों को हिलते हुए महसूस किया और कुछ लोगों के घरों के कैमरों में विस्फोट की तेज आवाजें कैद हुई हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मैं सो रही थी... अचानक मुझे लगा कि घर ढह गया है और मैं उसके अंदर हूं।

**उपलब्धि** मारिया कोरिना मचाडो ने शांति का नोबेल पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा

# आयरन लेडी के नाम से मशहूर मारिया कोरिना

एजेंसी, काराकास (वेनेजुएला)



वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने शांति का नोबेल पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पुरस्कार से चूक गए, लेकिन मचाडो ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका को इसका श्रेय दिया है। अपनी पहली प्रतिक्रिया में उन्होंने ट्रंप का इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए शुक्रिया अदा किया है। मचाडो को उनके लोकतांत्रिक परिवर्तन प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। इस सम्मान के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया और इसे वेनेजुएला के लोगों के स्वतंत्रता संग्राम की मान्यता करार दिया। आयरन लेडी के नाम से भी मशहूर मचाडो का नाम टाइम पत्रिका की '2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में शामिल है। मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। जो कि मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करता रहा है। बता दें कि मारिया कोरिना मचाडो साल 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं, लेकिन वेनेजुएला की सरकार ने उम्मीदवारी रद्द कर दी।

### 'मैं यह पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं'

वहीं इस सम्मान के बाद मचाडो के पहले बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस पुरस्कार को वेनिजुएलावासियों' के साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी समर्पित किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मचाडो ने लिखा कि आज हम जीत की दहलीज पर हैं और पहले से कहीं ज्यादा हम राष्ट्रपति ट्रंप, संयुक्त राज्य अमेरिका के लोग, लैटिन अमेरिका के लोगों और दुनिया के लोकतांत्रिक देशों पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र प्राप्त करने के लिए अपने प्रमुख सहयोगियों के रूप में भरोसा करते हैं। मैं यह पुरस्कार वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और हमारे उद्देश्य के प्रति उनके निर्णायक समर्थन के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को समर्पित करती हूं!

### मचाडो को अब तक मिले सम्मान

2025 – नोबेल शांति पुरस्कार : लोकतंत्र की रक्षा और शांति पूर्ण बदलाव के लिए।

2024 – सखारोव पुरस्कार (यूरोपीय संसद) : एडमुंडो गोंजालेज के साथ लोकतंत्र के लिए संघर्ष पर।

2024 – वाच्लाव हावेल मानवाधिकार पुरस्कार (काउंसिल ऑफ यूरोप) : मानवाधिकारों की रक्षा में योगदान के लिए।

2025 – करेज अवॉर्ड (जेनेवा समिट फॉर ह्यूमन राइट्स) : साहस और नेतृत्व के लिए।

2018– बीबीसी 100 वीमेन अवॉर्ड : दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं में शामिल।

**मचाडो का संघर्ष :** डर के माहौल में उम्मीद की लौ मचाडो को कई बार वेनेजुएला सरकार की धमकियों, गिरफ्तारी और राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं चुना, बल्कि लोगों को लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

**ईरान** के ऊर्जा व्यापार पर सख्ती

# दो भारतीयों समेत 50 निकायों पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा व्यापार को तबाह करने के इरादे से 50 से ज्यादा संस्थाओं और लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित किए गए लोगों में दो भारतीय नागरिक और उनकी कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने गुरुवार को इन प्रतिबंधों का एलान किया। विभाग ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधित किए गए लोगों और कंपनियों ने ईरान के अरबों डॉलर के पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में मदद की, जिससे ईरान को काफी राजस्व मिला और इस राजस्व से ईरान ने अमेरिका के खिलाफ खतरा पैदा करने वाले आतंकी समूहों की मदद की।

### ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाने की तैयारी

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वित्त विभाग ईरान के ऊर्जा व्यापार निर्यात में मददगार तत्वों को नष्ट करके ईरान के नकदी प्रवाह को कम कर रहा है। परमाणु कार्यक्रम के लिए अमेरिका ने ईरान पर बड़े पैमाने पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि इन प्रतिबंधों के बावजूद ईरान अवैध या छद्म तरीके से दुनिया के कई देशों को तेल का निर्यात कर रहा है। अमेरिका का आरोप है कि हमास, हिजबुल्ला और यमन में हूती विद्रोहियों की फंडिंग भी ईरान द्वारा की जा रही है।

# बच्चों को ऐसे सिखाएं पैसे को बचाना...

बच्चे मन के सच्चे होते हैं। उन्हें जिस तरह ढाल दो, वे उस तरह काम करने लगते हैं। यही वजह है कि बच्चों को कम उम्र से ही धीरे-धीरे हर चीज सिखाने की सलाह दी जाती है, लेकिन कभी आपने सोचा है कि उन्हें पैसे बचाना और बचत करना किस उम्र से सिखाना शुरु करना चाहिए? आइए आपको इसके बारे में बताते हैं।

### इस उम्र से बच्चे को सिखाना जरूरी

बच्चा जब बड़ा होने लगता है,तो उसके फ्यूचर को लेकर पैरेंट्स चिंता करने लगते हैं। कोई करियर के बारे में सोचता है तो कोई उसके लिए बैंक बैलेंस को लेकर प्लानिंग करने लगता है। बच्चों के लिए ये सब बेहद जरूरी है, लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि उन्हें भी बचपन से काफी चीजें सिखाई जानी चाहिए। इनमें से एक बचत करना भी है। जब बच्चा चीजों को समझने लायक हो जाए तो उसे पैसे की अहमियत के बारे में बताना चाहिए। साथ ही, उसे पैसा बचाना भी सिखाना चाहिए। यह उम्र चार से पांच साल हो सकती है, क्योंकि उस वक्त तक बच्चे हर चीज को काफी अच्छी तरह समझने लगते हैं।



### फिक्स पॉकेट मनी से सेट करें ट्रेंड

बच्चों को बचत करना सिखाने का सबसे बेहतरीन तरीका यह है कि उन्हें फिक्स पॉकेट मनी दी जाए। उन्हें बताया जाए कि इस पैसे से ही उन्हें पूरे महीने अपनी जरूरत का सामान लेना है और यही पैसा उनकी मौज-मस्ती के भी काम आएगा। साथ ही, बच्चों को यह भी बताया जाए कि अब उन्हें पैसे अगले महीने ही मिलेंगे। इससे बच्चे धीरे-धीरे बचत करना सीख जाएंगे।

### चाहत और जरूरत में अंतर समझाएं

जब बच्चे को पॉकेट मनी मिले तो वह नासमझी में सारा पैसा अपनी मौज-मस्ती पर ही खर्च कर दे। ऐसे में उसे चाहत और जरूरत के बीच का अंतर जरूर समझाएं। जब बच्चा इन दोनों को अच्छी तरह समझने लगेगा तो उसमें बचत करने की समझ भी डिवेलप हो जाएगी।

### पैसे बचाने पर दें इनसेंटिव

बच्चों को बचत का तरीका सिखाने के लिए पिगी बैंक भी गिफ्ट कर सकते हैं। इससे वह थोड़े-थोड़े पैसे जोड़ना सीख सकता है। जब बच्चा कुछ पैसे जोड़ ले तो उन्हें बैंक में जमा करा दें, जिससे बचत करने की उसकी प्रैक्टिस बनती चली जाएगी। आप बच्चे को ज्यादा बचत करने के लिए प्रोत्साहित भी कर सकते हैं। अगर वह सही तरीके से बचत कर रहा है तो उसे इनसेंटिव देकर आप प्रोत्साहित भी कर सकते हैं, जिससे वह बचत को लेकर ज्यादा अलर्ट रहेगा।



अच्छी नींद अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। रात में अच्छी नींद लेने से आपका मूड और ऊर्जा बेहतर होती है, लेकिन जब आपको पर्याप्त नींद नहीं मिल रही हो तो चीजें बहुत तेजी से बिगड़ जाती हैं, जिसमें आपका मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य भी शामिल होता है। आपका शरीर ऊर्जा का उपयोग और भंडारण कैसे करता है, इसमें नींद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो लोग लगातार कम नींद लेते हैं, उनमें वजन बढ़ना, मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

# अच्छी नींद लेने के फायदे

### ब्लड शुगर को बढ़ सकता है:

जब नींद से समझौता किया जाता है, तो यह आपकी कोशिकाओं को इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील बनाता है। इंसुलिन वह हार्मोन है जो ब्लड शुगर (ग्लूकोज) को रक्तप्रवाह से बाहर ऊर्जा के लिए कोशिकाओं में या बाद में संग्रहीत होने के लिए लीवर में ले जाने में मदद करता है।

एक अध्ययन में पाया गया कि 2,000 से अधिक स्वस्थ वयस्कों में प्रीडायबिटीज की संभावना उन लोगों में दोगुनी हो गई, जो रात में लगभग सात घंटे सोने वालों की तुलना में पांच या उससे कम घंटे सोते थे। दस लाख से अधिक व्यक्तियों का डेटा एकत्र किया गया, जिसमें पाया गया कि पांच या उससे कम घंटे सोने वालों में मधुमेह विकसित होने की संभावना 48% अधिक थी।

### सोने-जागने का एक समय बनाएं


लगभग एक ही समय पर जागना और बिस्तर पर जाना सबसे अच्छी चीजों में से एक है जो आप अपनी नींद और सर्कैडियन रिदम के लिए कर सकते हैं। अनियमित नींद का पैटर्न आपके कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है और पाचन को खराब कर सकता है।

### आहार में अधिक फाइबर शामिल करें

आप जो खाते हैं उसका असर आपकी नींद पर भी पड़ता है। कम फाइबर और उच्च सैट्युरेटिड फैट और चीनी वाला आहार कम आरामदायक नींद का कारण बनता है, जबकि अधिक फाइबर खाने से गहरी, अधिक आराम देने वाली नींद आती है। एक संभावित कारण यह है कि फाइबर हमारी तृप्ति, भूख नियमन और ब्लड शुगर के स्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अपने शरीर को एक्टिव रखें

नियमित शारीरिक एक्टिविटी आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। केवल 30 मिनट की एक्टिविटी से व्यायाम न करने वालों की तुलना में ज्यादा सही है। नियमित व्यायाम करने से आपके शरीर को ऊर्जा का अधिक कुशलता से उपयोग करने, मांसपेशियों का निर्माण करने में मदद मिलती है।





# नींबू पानी के फायदे

नींबू पानी पीने से शरीर में एनर्जी आती है। हमें राहत दिला सकती है और वह है नींबू पानी, क्योंकि इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाई जाती है। बड़ा गिलास नींबू पानी पीने के बाद ही मानो शरीर में एनर्जी आती है। हालांकि बहुत से लोग इसे बनाने का सही तरीका नहीं जानते है, जिसकी वजह से उनके शरबत में फीकापन रह जाता है। वहीं, भारत के कुछ हिस्सों में नींबू को 'लिम्बू' के नाम से भी जाना जाता है। आइये जानते हैं नींबू पानी बनाने का परफेक्ट तरीका और कुछ टिप्स और इसके स्वास्थ्य लाभ।

### नींबू पानी के स्वास्थ्य लाभ

गर्मी के दिनों में लू से लड़ने में मदद करता है नींबू पानी।

नींबू पानी शरीर को पुनः हाइड्रेट करने में मदद करता है।

वर्कआउट या किसी फिजिकल एक्टिविटी के बाद शरीर में नमक को बहाल करता है।

यह विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। नींबू पानी बनाने के लिए इंग्रीडिएंट्स, नींबू, चीनी, पानी, काला नमक

### नींबू पानी कैसे बनाएं?

बड़े कटोरे या बड़े मापने वाले कप के ऊपर एक छलनी रखें। नींबू का रस छलनी के ऊपर से निकालना शुरू करें ताकि इसमें सारे बीज और गूदा समा जाएं।

बीज और गूदा निकाल दें। नींबू के रस पाने में चीनी डालें।

अब इसमें काला नमक डालें।

अंत में पानी डालकर मिक्स करें। तब तक हिलाएं जब तक चीनी पानी में पूरी तरह घुल न जाए। सर्विंग गिलास में डालें और परोसें।

**परफेक्ट नींबू पानी बनाने के लिए टिप्स**

चीनी के टाइप के आधार पर, नींबू पानी का रंग अलग हो सकता है। तुरंत ठंडा नींबू पानी पीने के लिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ताजा नींबू का रस सबसे अच्छा विकल्प है, लेकिन अगर मौजूदा वक्त में नींबू नहीं है, तो स्टोर से खरीदा हुआ बोतलबंद नींबू का रस भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, आर्टिफिशियल रस से इसके स्वाद में अंतर आ सकता है।

# ब्लैक शर्ट को कैसे सटाइल करें?



### रिप्ड जींस के साथ ब्लैक शर्ट

आज के समय में हर कोई 'कूल डूड' दिखना चाहता है। ऐसे में ब्लैक शर्ट के साथ रिप्ड जींस आपको एक साथ टफनेस और कूलनेस देगी! फेडेड, डिस्ट्रेस्ड जींस और स्लिम-फिट ब्लैक शर्ट आपको जनरेशन-जेड का फील देगी। व्हाइट स्नीकर्स आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। हालांकि यह कॉम्बिनेशन किसी फॉर्मल फंक्शन में कैरी नहीं कर सकते हैं। अच्छे दिखने वाले सफेद स्नीकर्स ऐड करें और चीजों को बेहतर बनाने और कम्पलीट जेन-जेड मूड में बाहर निकलने के लिए अपने आउटफिट को कॉम्पलीमेंट करें।

### ब्लू जींस के साथ काली शर्ट

जब भी आप इस सिचुएशन में फंसे कि आज क्या कहना जाए, तब ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस आपके लिए सेविअर का काम कर सकती है। यह आउटफिट जितना क्लासिक है उतना ही फ्रेश भी। इससे आप सिंपल भी नजर आते हैं और कॉन्फिडेंट भी। अगर आप एक्सरसाइज करने के शौकीन हैं और अच्छे खासे बाइशेप्स बना रखे हैं, तो हाफ स्लीव ब्लैक शर्ट और टाइट फिटिंग वाली ब्लू जींस के साथ आप किसी का भी ध्यान अपनी तरफ खींच सकते हैं।

### ग्रे ट्राउजर के साथ काली शर्ट

ग्रे पैंट के साथ ब्लैक शर्ट एक आकर्षक कॉन्ट्रास्ट लुक देता है। यह आउटफिट आपको स्लिम दिखने में भी मदद कर सकता है। खास बात ये है कि इसे किसी भी कैजुअल फंक्शन के साथ आप अपने ऑफिस में बेझिझक कैरी कर सकते हैं।



### ब्राउन पैंट के साथ काली शर्ट

यह कॉम्बिनेशन बेस्ट ब्लैक शर्ट के फॉर्मल आउटफिट्स में से एक माना जा सकता है। लेकिन आप इसे किसी पार्टी में भी पहनना चाहते हैं, तो एक टेक्सचर्ड ब्लैक शर्ट के साथ प्लेन सॉलिड ब्राउन पैंट कैरी करें जो आपकी शर्ट से एक शेड हल्का हो। यकीन मानिए इस आउटफिट के साथ आपको कई लोगों के बीच अलग निखरने से कोई नहीं रोक सकता।

### शॉर्ट्स के साथ प्रिंटेड ब्लैक शर्ट

अगर आप वैकेशन्स पर हैं तो प्रिंटेड ब्लैक शर्ट और शॉर्ट्स का कॉम्बिनेशन आपको एकदम कूल और मस्ती वाला फील देगा। इस आउटफिट के साथ अपने सबसे अच्छे सनग्लासेज कैरी करें, अपनी शर्ट के बटन खोलें और फ्लिप-फ्लॉप या जूते पहनकर निकल जाएं एंजॉय करने।

### ब्लेज़र के साथ ब्लैक शर्ट

किसी भी कॉन्ट्रास्ट कलर के ब्लेजर और ब्लैक शर्ट के कॉम्बो से ज्यादा अट्रेक्टिव आउटफिट कोई हो नहीं सकता! कोशिश करें कि वह ब्लेजर अपनाएं जो पेस्टल शेड या हल्के रंग का हो और पैंट/जींस से भी अच्छे से मैच करता हो। उदाहरण के लिए, जब आप काले रंग में ओवरऑल मैचिंग ब्लैक शर्ट कॉम्बिनेशन पैंट पहनते हैं, तो फॉन कलर का ब्लेज़र आप पर बहुत अच्छा लगेगा। ब्राउन कलर के डर्बी शूज़ आपके लुक को पूरा करेंगे।

# पीली चाय के क्या हैं फायदे

**एंटीऑक्सीडेंट की गुणवत्ता**

येलो टी में कैटेचिन और पॉलीफेनोल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम करते हुए ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखे**

इस चाय में पॉलीफेनोल्स होते हैं, ये एक ऐसा नेचुरल कंपाउंड है जो हार्ट फेलियर और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। फ्रंटियर्स इन कार्डियोवस्कुलर मेडिसिन जर्नल में एक अध्ययन के अनुसार इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट, एंटीथेरोजेनिक और एंटीहाइपरटेंशन इफेक्ट भी होते हैं, जो जोखिम को कम करते हैं।

**वेट लॉस में प्रभावी है**

कैफीन और कैटेचिन का कॉम्बिनेशन मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में योगदान देता है, जो वेट मैनेजमेंट में आपकी मदद कर सकता है। कैफीन ऊर्जा व्यय को बढ़ावा देने में मदद करता है, जबकि कैटेचिन वसा ऑक्सीकरण में सहायता कर सकता है।



**अब जानें तैयार करने का तरीका:**

❖ डेढ़ कप पानी उबालें और इसे मध्यम आंच पर दो मिनट के लिए छोड़ दें।
❖ यदि आप इसे अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं, तो इसमें 5 ग्राम येलो टी या इससे अधिक भी मिला सकती हैं। अब 2 से 5 मिनट तक पानी को उबालें।
❖ अपनी पसंद का स्वीटनर डालें और मिठास को अपने स्वाद के अनुसार सेट करें।
❖ कुछ मिनटों के बाद इसे छान लें।
❖ आपकी खूबसूरत येलो टी तैयार है, इसे एंजॉय करें।

# मां बनने वाली हैं तो जरूर जान लें ये टिप्स



मां बनना हर महिला के लिए बहुत स्पेशल होता है। जो महिलाएं दूसरी बार मां बनती हैं उन्हें काफी हद तक एक्सपीरियंस होता है, लेकिन जो महिलाएं पहली बार मां बनती हैं उन्हें समझ नहीं आता है कि इतने बदलाव को वह किस तरह से मैनेज करें। इसलिए जरूरी है कि आप मां बनने से पहले कुछ जरूरी चीजें जान लें ताकि बाद में आपको किसी तरह की दिक्कत न हो।

**पर्सनल हाइजीन जरूर रखें**

जब कोई महिला शिशु को जन्म देती है तो वह कई तरह से संक्रमण से घिरी रहती है। भले ही ये संक्रमण मां को नुकसान न पहुचाएं,लेकिन शिशु की इम्युनिटी बहुत कमजोर होती है इसलिए उसे संक्रमित कर सकते हैं। इसलिए मां को हाइजीन का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। मां को जरूरत है कि वह बीच-बीच में अपने हाथों को धोती रहे, ब्रेस्ट फीड कराने से पहले अपने स्तनों को किसी गीले कपड़े से पोछें और अपने मुंह व आसपास भी सफाई रखें।

**आराम है जरूरी**

बच्चों और एडल्ट के सोने के समय में बहुत फर्क होता है। बच्चे अक्सर रात में उठते हैं और दिन में सोते हैं। जब बच्चा जगता है तो वह चाहता है कि उसकी मां उसके सामने हो और उसके साथ खेले। इसलिए कोशिश करें कि जब बेबी सो रहा हो तो आप भी उसी समय सोएं और उस दौरान अपने कामों की जिम्मेदारी घर के अन्य सदस्यों को दे दें।

**पर्याप्त पोषण लें**

प्रेगनेंसी और शिशु के जन्म के बाद आपके शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं जिससे आपको एक्स्ट्रा पोषण और न्यूट्रीशन लेने की जरूरत होती है। इसलिए संतुलित डाइट लें और खूब सारा पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रखें।

# टैनिंग से निजात पाने के टिप्स

टैनिंग से निजात पाने के लिए आप घर पर बने घरेलू नुस्खों और कुछ आसान उपायों को अपना सकते हैं। टैनिंग कम करने के लिए दही-शहद, बेसन-दही, और हल्दी-दूध के पेस्ट का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, खीरे, एलोवेरा और टमाटर जैसे ठंडे और प्राकृतिक तत्वों का भी उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं और एक्सफोलिएट करते हैं। धूप में जाने से पहले हमेशा सनस्क्रीन लगाएं और जितना हो सके, सीधे धूप से बचें।





### नींबू का रस और शहद का मास्क

नींबू का रस एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जो टैन को हल्का करने में मदद करता है। शहद त्वचा को नमी देता है जिससे स्किन सॉफ्ट होती है। एक कटोरी में एक नींबू निचोड़ें और 2 चम्मच शहद मिलाएं। इन्हें अच्छे से मिलाएं और टैन वाली जगह पर लगाएं। मास्क को लगभग 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर इसे धो लें। जैसे ही आप त्वचा को तौलिए से पोंछेंगे आपको चमक मिलेगी।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा का इस्तेमाल लंबे समय से एक औषधीय पौधे के रूप में किया जाता रहा है और इसके बिना स्किनकेयर लगभग अधूरा है। यह स्किन को हाइड्रेटेड रखकर आराम पहुंचाने में मदद करता है और टैनिंग को भी कम करता है। प्रभावित क्षेत्रों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर इसे गुनगुने पानी से धो लें।

### टमाटर का मास्क

एक शोध पत्र के अनुसार, टमाटर विटामिन सी, ई और बीटा कैरोटीन से भरपूर होता है जो त्वचा को प्राकृतिक चमक देने और चमकदार बनाने में मदद करता है, जिससे उसका प्राकृतिक रंग सामने आता है। एक पके टमाटर को मुलायम गूदे में मिला लें और इसे अपनी त्वचा के टैन वाले क्षेत्रों पर लगाएं। धोने से पहले मास्क को लगभग 15-20 मिनट तक अपनी त्वचा पर लगा रहने दें।

### बेसन और हल्दी स्क्रब

भारत में लगभग सभी स्किन प्रॉब्लम के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। ये सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद 'नुस्खों' में से एक है। बेसन त्वचा को एक्सफोलिएट करने और डेड स्किन सेल्स और टैन को हटाने में मदद करता है।वहीं हल्दी चमक बिखेरती है और रंग को निखारती है। एक कटोरे में दो बड़े चम्मच बेसन, एक या दो चुटकी हल्दी पाउडर और थोड़ा दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे टैन वाली जगह पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में रगड़ें और सूखने के बाद धो लें।

# कौन-सा इनडोर प्लांट देता है खुशबू

अपने घर को खूबसूरत हर कोई दिखाना चाहता है। घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग अपने घर में फोटो फ्रेम, पेटिंग्स लगाते हैं लेकिन पेड़-पौधों से भी आप अपने घर को बहुत अच्छा सजा सकते हैं। पेड़-पौधों को घर पर लगाने से घर का वातावरण शुद्ध रहेगा। साथ में आपका घर हरा-भरा भी दिखेगा। घर में पेड़-पौधे लगाने से घर का माहौल भी अच्छा रहेगा।अगर आप अपने घर में पेड़-पौधे लगाने का सोच रहे हैं तो आप अपने घर में कुछ ऐसे पौधे लगा सकते हैं जो घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ साथ घर में खुशबू भी बनाएं रखेंगे। आइए जानते हैं इन्ही पौधों के बारे में।



### ऑर्किड

ऑर्किड का पौधा आप घर पर लगा सकते हैं। ऑर्किड का फूल बहुत ही सुंदर और आकर्षक होता है। इस पौधे को घर पर लगाने से घर की खूबसूरती बढ़ जाएगी।

### प्लूमेरिया

प्लूमेरिया का फूल देखने में काफी सुंदर होता है। इस पौधे पर पीले और नारंगी के फूल आते हैं, जिनमें से खुशबू भी काफी अच्छी आती है। इन फूलों की खुशबू काफी स्टॉग होती है ।



### पीस लिली

पीस लिली सफेद रंग के फूल होते हैं जो शांति का प्रतीक होते हैं। पीस लिली को आप घर में लगा सकते हैं। पीस लिली को घर में लगाने से घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा।





### कैलेडियम

कैलेडियम के पौधे के पत्ते बाकी पौधों के पत्ते से काफी अलग होते हैं। इस पौधे के पत्ते पर गुलाबी, सफेद और हरे रंग से डिजाइन बना होता है। ऐसे में आप कैलेडियम को अपने घर पर रख सकते हैं।

### लैवेंडर

लैवेंडर के फूल घर में सजाने के लिए बेस्ट चॉइस है।लैवेंडर के फूलों में से काफी अच्छी खुशबू आती है। इन्हे घर में लगाने से आपका मूड भी फ्रेश रहेगा।



दिल्ली टेस्ट : जायसवाल-सुदर्शन का जलवा, पहले दिन वेस्टइंडीज की गेंदबाजी साबित हुई हलवा

# भारतीय बल्लेबाजों के नाम पहला दिन जायसवाल दोहरे शतक से 27 रन दूर

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली टेस्ट के पहले ही दिन भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मजबूत पकड़ बना ली है। अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार को स्टंप्स तक टीम ने महज 2 विकेट खोकर 318 रन बना लिए। यशस्वी जायसवाल 173 और शुभमन गिल 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। यह यशस्वी का वेस्टइंडीज के खिलाफ बेस्ट टेस्ट स्कोर है। 2023 में उन्होंने 171 रन बनाए थे। भारत के कप्तान शुभमन ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने यशस्वी के साथ 58 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। साई सुदर्शन ने फिर यशस्वी के साथ 193 रन जोड़े। सुदर्शन 87 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज से लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकन ने 2 विकेट लिए। टीम इंडिया ने दिल्ली टेस्ट में टॉस जीतने के साथ ही मैच में अपनी पकड़ बनानी शुरू कर दी। अरुण जेटली स्टेडियम की बैटिंग फ्रेंडली पिच पर टीम ने बल्लेबाजी चुन ली और वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेलना शुरू कर दिया। पहले सेशन में टीम ने 1 ही विकेट गंवाया और 94 रन बना लिए। केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद यशस्वी जायसवाल ने साई सुदर्शन के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।




### दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों की सबसे बड़ी साझेदारियां (भारत)

- 300 गांगुली – युवराज (पांचवां विकेट) बनाम पाक बेंगलुरु 2007
- 222 पंत – जडेजा (छठा विकेट) बनाम इंग्लैंड बर्मिंघम 2022
- 204 पंत – जडेजा (सातवां विकेट) बनाम ऑस्ट्रेलिया सिडनी 2019
- 203* जडेजा – सुंदर (पांचवां विकेट) बनाम इंग्लैंड मैनचेस्टर 2025
- 193 जायसवाल – साई सुदर्शन (दूसरा विकेट) बनाम वेस्टइंडीज दिल्ली 2025

### किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा पहले दिन सर्वाधिक रन

- 192 वसीम जाफर बनाम पाक, कोलकाता 2007
- 190 शिखर धवन बनाम श्रीलंका, गॉल 2017
- 179 यशस्वी जायसवाल बनाम इंग्लैंड, विशाखापट्टनम 2024
- 173 यशस्वी जायसवाल बनाम वेस्टइंडीज, दिल्ली 2025 *
- 167 गौतम गंभीर बनाम श्रीलंका, कानपुर 2009

### किसी घरेलू टेस्ट के पहले दिन भारत की बल्लेबाजी

- 336/6 बनाम इंग्लैंड, विशाखापट्टनम
- 326/5 बनाम इंग्लैंड, राजकोट
- 339/6 बनाम बांग्लादेश, चेन्नई
- 46 ऑलआउट बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु
- 318/2 बनाम वेस्टइंडीज, दिल्ली

**7 जगह, 7 अजूबे** यशस्वी के इस शतक में एक खास बात है। ये उनके टेस्ट करियर का सातवां शतक है और उन्होंने अपने सातों शतक सात अलग-अलग मैदानों पर बनाए हैं। यशस्वी के बल्ले से पहला शतक डोमिनिका के विंडसर पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ निकला था। ये उनका पहला ही टेस्ट मैच था जिसमें उन्होंने 171 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में उनके बल्ले से 200 रनों की पारी निकली थी। राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ ही उन्होंने 214 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | बॉल | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी नाबाद | 173 | 253 | 22 | 0 |
| राहुल कै इमलाक बो वारिकन | 38 | 54 | 5 | 1 |
| सुदर्शन एलबीडब्ल्यू वारिकन | 87 | 165 | 12 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 20 | 68 | 3 | 0 |

**कुल : 318/2 (90)**
**गेंदबाजी:** जेडेन सील्स (16-1-59-0), एंडरसन फ़िलीप (13-2-44-0), जस्टिन ग्रीव्स (8-1-26-0), खारी पिएर (20-1-74-0), जोमेल वारिकन (20-3-60-2), रॉस्टन चेज़ (13-0-55-0)

### सुदर्शन शतक लगाने से चूके

दूसरे सेशन में भारत ने विकेट नहीं गंवाया। यशस्वी ने अपना 7वां टेस्ट शतक लगाया, वहीं सुदर्शन ने दूसरी फिफ्टी लगा दी। तीसरे सेशन में सुदर्शन 87 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने यशस्वी के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की पार्टनरशिप की। वेस्टइंडीज से दोनों विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकन ने लिए।

### यशस्वी के बेदाग पारी

दिन का खेल खत्म होने से पहले कप्तान शुभमन गिल ने यशस्वी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। यशस्वी ने टेस्ट में 5वीं बार 150 रन का स्कोर पार किया। वे 173 और शुभमन 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों मुकाबले के दूसरे दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। खेल शनिवार सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा।

खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 15 नवंबर

# आईपीएल नीलामी 13 से 15 दिसंबर के बीच मुमकिन, भारत में ही होगी

एजेंसी, नई दिल्ली

अगला आईपीएल नीलामी 13 से 15 दिसंबर के बीच भारत के ही किसी शहर में हो सकता है। इस बार मिनी नीलामी होना है। पिछले दो साल नीलामी दुबई और जेद्दा में हुई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर तय की गई है। रिटेंशन लिस्ट में फ्रेंचाइजी को यह बताना होता है कि अपने स्क्वॉड में से किन खिलाड़ियों को वह रोक रही है और किनको नीलामी के लिए रिलीज कर रही है। बीसीसीआई ने इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### एक टीम अधिकतम 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकती

कोई भी आईपीएल फ्रेंचाइजी अधिकतम 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है। बाकी खिलाड़ियों को नीलामी के लिए रिलीज करना होता है। 6 रिटेन खिलाड़ियों में से 5 से ज्यादा इंटरनेशनल प्लेयर और 2 से ज्यादा अनकैप्ड प्लेयर नहीं हो सकते हैं।

### हर टीम 120 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है

आईपीएल नीलामी में हर टीम के पास 120 करोड़ रुपए का पर्स होता है। हालांकि, पर्स में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से कटौती होती है। अगर कोई टीम 1 इंटरनेशनल खिलाड़ी को रिटेन करती है तो पर्स में से 18 करोड़ रुपए कट जाते हैं। दूसरा खिलाड़ी रिटेन करने पर 14 करोड़ रुपए और कम हो जाते हैं। इसी तरह तीसरे रिटेंशन के एवज में 11 करोड़, चौथे के लिए 18 करोड़ और पांचवें के लिए 14 करोड़ रुपए की कटौती होती है। अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करने पर 4 करोड़ रुपए पर्स से कम हो जाते हैं।



### राजस्थान-चेन्नई ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है

आईपीएल के पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आखिरी दो पोजिशन पर रही थी। इस वजह से माना जा रहा है कि ये दो टीमें सबसे कम खिलाड़ियों को रिटेन करेगी। राजस्थान की टीम कप्तान संजू सैमसन को रिलीज कर सकती है। इसी तरह चेन्नई भी कई बड़े नामों को रिलीज कर सकती है।

**वेंकटेश अय्यर भी कोलकाता से रिलीज होंगे :** दूसरी टीमों से दिल्ली के टी नटराजन और मिचेल स्टार्क, लखनऊ के आकाश दीप, मयंक यादव और डेविड मिलर को भी नई टीम तलाशनी पड़ सकती है। पिछले नीलामी के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपए) को भी कोलकाता टीम से रिलीज कर सकती है।

5 प्लेयर्स रिटेन होंगे, राइट-टू-मैच कार्ड भी मिलेगा

## डब्ल्यूपीएल में पहली बार मेगा ऑक्शन हर फ्रेंचाइजी के पास 15 करोड़ का बजट


विमेंस प्रीमियर लीग में पहली बार मेगा नीलामी होगा। नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी टीमें 5 प्लेयर्स को रिटेन कर सकेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 5 नवंबर है, जिसकी जानकारी टीमों को दे दी गई है। जबकि नीलामी की प्रक्रिया 25 से 29 नवंबर के बीच हो सकती है। गुरुवार को डब्ल्यूपीएल ने सभी फ्रेंचाइजी को एक ईमेल भेजे। इसमें कहा कि हर टीम ज्यादा से ज्यादा तीन कैप्ड भारतीय, दो विदेशी और दो अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी रिटेन कर सकती है। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उनमें कम से कम एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी होना अनिवार्य है। नीलामी के लिए हर फ्रेंचाइजी के पास 15 करोड़ रुपए का पर्स है। वहीं, रिटेंशन स्लैब्स के लिए गाइडलाइन भी जारी की हैं। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसकी पर्स से 9.25 करोड़ रुपए काटे जाएंगे। चार खिलाड़ियों के लिए 8.75 करोड़ रुपए, तीन के लिए 7.75 करोड़ रुपए, दो के लिए 6 करोड़ रुपए और एक के लिए 3.5 करोड़ रुपए घटाए जाएंगे। पहली बार डब्ल्यूपीएल ने फ्रेंचाइजी को राइट-टू-मैच का ऑप्शन देने का निर्णय लिया है। आरटीएम से टीमें नीलामी में अपने पूर्व खिलाड़ियों को फिर से खरीद सकती हैं, जो 2025 सीजन में उनके साथ थे। फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा पांच आरटीएम का उपयोग कर सकती हैं।



## सार समाचार

### भगवत गीता से होगा आधुनिक जीवन सशक्त: श्रेयस अय्यर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि भगवद गीता का संदेश केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वास्तविक जीवन के निर्णायक क्षणों में संतुलन, समझ और दृढ़ता देने की ताकत देता है और रखता है।₹ उन्होंने कहा कि भगवत गीता से आधुनिक जीवन न केवल सशक्त होगा बल्कि यह निर्णयशील होने के साथ बेहतर भी होगा। क्रिकेटर श्रेयस भगवद गीता फॉर ऑल (बीजीएफए) जो एक तेजी से बढ़ता "फेथ-टेक" प्लेटफॉर्म है, के साथ हुए करार के अवसर पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



### पंजाब के अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर का निधन

**पंजाब।** पंजाब के अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर वरिंदर घुम्मण का निधन हो गया है। मूल रूप से पंजाब के जालंधर के रहने वाले वरिंदर सिंह घुम्मण को द हीमैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। 2009 में उन्होंने मिस्टर इंडिया का खिताब जीता था। वह प्रमुख भारतीय प्रोफेशनल बॉडीबिल्डर, एक्टर और डेयरी किसान थे। वे दुनिया के पहले शुद्ध शाकाहारी प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर माने जाते थे और भारत के बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत रहे हैं। वरिंदर घुम्मण बाजू का माइनर ऑपरेशन करवाने के लिए फोर्टिस अस्पताल अमृतसर गए थे। वह अकेले ही जालंधर बस्ती शेख स्थित घर से निकले थे।



### 30वीं इंटर प्रेस टेबल-टेनिस आज से स्टेडियम में

**भोपाल।** 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस टेबल-टेनिस प्रतियोगिता 11 अक्टूबर से टीटी नगर स्टेडियम में खेली जाएगी। इसमें प्रदेश के मीडिया संस्थानों से जुड़े 80 से ज्यादा खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। यह टूर्नामेंट भी दो वर्गों में खेला जाएगा। इसमें एक ओपन कैटेगरी भी रहेगी। इच्छुक खिलाड़ी शनिवार सुबह 10 बजे तक टीटी नगर स्टेडियम में टेबल-टेनिस हॉल में अपनी प्रविष्टि जमा कर सकते हैं। टूर्नामेंट के विजेताओं को ट्रॉफी और ट्रेकसूट से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट का उदघाटन सुबह 11.00 बजे किया जाएगा।

वुहान ओपन 2025

## सेमी में सबालेंका और पेगुला की भिड़ंत पक्की



राइबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर वुहान ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

एजेंसी, वुहान (चीन)

विश्व की नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना राइबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर वुहान ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 20वीं जीत दर्ज की और चौथे लगातार खिताब की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। सबालेंका और राइबाकिना के बीच यह 13वां मुकाबला था। पहले सेट में 4-3 की बढ़त के बाद बेलारूस की इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने राइबाकिना की सर्विस तोड़ते हुए सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में ही ब्रेक हासिल कर सबालेंका ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। कुछ देर के लिए सर्विस में लड़खड़ाहट के बावजूद उन्होंने जीत पर शिकंजा कसते हुए राइबाकिना के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-5 कर लिया। यह जीत उनके लिए सिनसिनाटी में इस साल राइबाकिना से मिली हार का बदला भी रही। अब सेमीफाइनल में सबालेंका का सामना अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-0, 6-3 से हराया। यह इस सीजन में उनकी 50वीं जीत है, जिससे उन्होंने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

महिला विश्व कप : डिवाइन और हालिडे के अर्धशतक

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रन से हराया ताहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट लिए

एजेंसी, गुवाहाटी

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में न्यूजीलैंड को 2 हार के बाद पहली जीत मिली है। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में टीम ने बांग्लादेश को 100 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 227 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश टीम 127 रन बनाकर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने 63 और ब्रूक हालिडे ने 69 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में ली तहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट लिए। बांग्लादेश से राबेया खान ने 3 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 38 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉर्जिया प्लिमर 4 और अमीलिया केर 1 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों को राबेया खान ने पवेलियन भेजा। सूजी बैट्स 29 रन बनाने के बाद रन आउट हुईं। 11वें ओवर में 3 विकेट गिर जाने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूक हालिडे ने टीम को संभाल लिया। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। हालिडे ने हाफ सेंचुरी भी लगा दी।



ब्रूक हॉलिडे प्लेयर ऑफ द मैच

## दिल्ली हाफ मैराथन बदलाव की शक्ति का प्रतीक: लुईस

एजेंसी, नई दिल्ली

नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के अंतरराष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर कार्ल लुईस ने आगामी वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस को लेकर प्रतिभागियों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीमाओं को तोड़ने और विभिन्न जीवन क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाने वाले सांस्कृतिक बदलाव का प्रतीक है। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लुईस ने कहा कि सीमाओं को तोड़ना वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन का मुख्य संदेश है। इसकी खासियत सिर्फ सीमाओं को तोड़ना ही नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से जो सांस्कृतिक बदलाव यह लाता है। जब आम धावक ओलंपिक चैंपियनों के साथ दौड़ते हैं, तो यह दिखाता है कि दौड़ सभी को एक साथ जोड़ सकती है।



## मसेंट थामस ने फाइनल में सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल को हराया

खेल संवाददाता, भोपाल

अयोध्यानगर स्थित सेंट थॉमस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सेंट थॉमस कप बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन शुक्रवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में मेजबान सेंट थॉमस स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट मॉन्टफोर्ट स्कूल को 42-14 के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर द्विवेदी, संयुक्त निदेशक, आपदा प्रबंधन, गृह मंत्रालय (मध्यप्रदेश शासन) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।



पैरा पॉवरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप

## भारत के विनय ने जीता स्वर्ण



एजेंसी, काहिरा (मिस्र)

भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार विनय ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन 72 किग्रा जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। विनय ने अपने तीन प्रयासों में 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा की प्रभावशाली श्रृंखलाएँ दर्ज कीं। उनके 147 किग्रा के अंतिम भार को रेफरी ने अमान्य घोषित कर दिया, लेकिन 142 किग्रा का उनका दूसरा सफल भार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए पर्याप्त था, जिसमें उन्होंने पोलैंड के मिकोलज कोसियुबिंस्की को, जिन्होंने 141 किग्रा भार उठाया था, मामूली अंतर से हराया।

इक्वाडोर के सेबेस्टियन एफ. ने 137 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता। यह विनय की दूसरी बड़ी अंतरराष्ट्रीय जीत है - इससे पहले, उन्होंने मिस्र के शर्म-अल-शेख में पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप 2024 में 59 किग्रा जूनियर वर्ग में 120 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था।



### आरक्षक अजय रावत को पुलिस बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण

**भोपाल।** हरियाणा में आयोजित 74 वीं अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डिंग (80 किग्रा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीतने वाले आरक्षक अजय रावत (1वीं बटालियन एसएएफ, इंदौर) को हार्दिक बधाई.. उनकी उपलब्धि ने मध्यप्रदेश पुलिस को गौरवान्वित किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल में आज पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ओरिएंटल कप सीबीएसई नेशनल हॉकी प्रतियोगिता

## संजीवन स्कूल कोल्हापुर ने जीता मुकाबला

खेल संवाददाता, भोपाल

द ओरिएंटल स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी बॉयज प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया साईं मैदान पर आज का पहला मुकाबला अंडर 14 आयु वर्ग से सतचित्तानंद स्कूल तमिलनाडु एवं संजीवन स्कूल कोल्हापुर महाराष्ट्र के बीच खेला गया जिसमें संजीवन स्कूल ने यह मुकाबला 1/0 से जीत लिया। अंडर 17 आयु वर्ग से पहला मुकाबला ग्राउंड नंबर 2 पर एसएसजीएस खालसा स्कूल अमृतसर एवं ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया रायगढ़ छत्तीसगढ़ जिसमें एसएसजीएस खालसा स्कूल ने यह मुकाबला 8/0 से जीत लिया अंडर-19 आयु वर्ग से दिन का अगला मुकाबला बिरला शिशु विहार स्कूल पिलानी राजस्थान एवं आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया इस शानदार मुकाबला में दोनों ही टीमों को एक-एक गोल से संतोष करना पड़ा इस प्रकार यह मुकाबला एक-एक की बराबरी पर समाप्त हुआ दिन का अंतिम मुकाबला अंडर 14 आयु वर्ग से ओपी जिंदल स्कूल एवं इंडियन स्कूल अलसी ओमान के बीच खेला गया जिसमें ओपी जिंदल स्कूल ने यह मुकाबला दो एक से जीत लिया आज के मुकाबला के पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन प्रवीण ठकराल जी एवं डायरेक्टर गौरव ठकराल जी सीबीएसई ऑब्जर्वर नीरज कुमार द्वारा किया गया इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य स्वप्ना एवं सागर रायकवार उपस्थित रहे।





# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की हर दिन घट रही कमाई

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए स्ट्रगल करना पड़ रहा है. दरअसल कांतारा चैप्टर 1 के आगे ये रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फीकी साबित हुई है. दोनों ही फिल्में इस दशहरे के मौके पर यानी 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि कांतारा चैप्टर 1 ने जहां ताबड़तोड़ कमाई कर डाली है वहीं 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने की पुरजोर कोशिश कर रही है. इन सबके बीच अब ये दूसरे हफ्ते में भी एंट्री कर चुकी है. इसी के साथ चलिए जानते हैं 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ ने लीड रोल प्ले किया है और इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है. सैयारा के बाद इस रोमांटि-क़ॉमेडी ड्रामा से बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने की उम्मीद थी लेकिन कांतारा चैप्टर 1 ने इसका सारा खेल बिगाड़ दिया. हालांकि इसने ओपनिंग वीकेंड तक अच्छा परफॉर्म भी किया लेकिन वीकडेज में ये सुस्त पड़ती चली और इसी के साथ इसकी कमाई भी हर दिन घटती चली गई.'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' अब कछुए की चाल से आगे बढ़ रह है. हालांकि इसने रिलीज के 8 दिनों में अपनी आधी लागत वसूल कर डाली थी. वहीं अब देखना ये है कि 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म क्या धीमी रफ्तार से अपनी लागत वसूल कर पाती है या नहीं. वैसे फिल्म जिस तरह बॉक्स ऑफिस पर सुस्त परफॉर्म कर रही है उसे देखते हुए इसका बजट वसूल कर पाना फिलहाल मुश्किल लग रहा है. अब देखन वाली बात होगी कि दूसरे वीकेंड पर इसकी कमाई में उछाल आ पाता है या नहीं.



# शादी की खबरों पर त्रिशा का जवाब- लोगों को मेरी चिंता है

लोकप्रिय अभिनेत्री त्रिशा ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी के साथ उन अफवाहों को खारिज कर दिया कि वह चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ सेक्शन में त्रिशा ने लिखा, मुझे अच्छा लगता है जब लोग मेरे लिए मेरी ज़िंदगी की योजना बनाते हैं। बस इंतज़ार है कि वे हनीमून की भी योजना बनाएँ। त्रिशा का यह तीखा पोस्ट मीडिया के एक वर्ग द्वारा यह दावा किए जाने के बाद आया है कि अभिनेत्री जल्द ही चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। रिपोर्टों में दावा किया गया था कि दोनों परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। यह पहली बार नहीं है जब अभिनेत्री के बारे में ऐसी बेबुनियाद अफवाहें फैलाई गई हों।न तमिल और तेलुगु फिल्म उद्योग की अग्रणी अभिनेत्रियों में से एक त्रिशा को इस महीने की शुरुआत से ही कुछ चिंताजनक पलों का सामना करना पड़ा है। एक हफ़्ते पहले ही, त्रिशा के घर पर बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद पुलिस के पास उनके परिसर की गहन तलाशी लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और तेनाम्पेट स्थित उनके घर पहुँच गई। पुलिस कर्मियों ने खोजी कुत्तों के साथ त्रिशा के घर की गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें पता चला कि यह धमकी एक धोखा थी। इस बीच, त्रिशा की कई फ़िल्में रिलीज़ के लिए तैयार हैं। निर्देशक वशिष्ठ की बहुप्रतीक्षित सामाजिक-काल्पनिक मनोरंजक फिल्म विश्वम्भर में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री, आर जे बालाजी द्वारा निर्देशित सूर्या की फिल्म करुप्पु में भी मुख्य भूमिका निभाती नज़र आएंगी। यूवी क्रिएशंस के बैनर तले विक्रम, वामसी और प्रमोद द्वारा निर्मित विश्वम्भर जहाँ पौराणिक कथाओं और भावनाओं का मिश्रण है और एक सिनेमाई तमाशा साबित होगी, वहीं ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स द्वारा निर्मित करुप्पु एक एक्शन मनोरंजक फिल्म होगी जिसमें सूर्या सरवनन नामक एक वकील की भूमिका निभाएंगे। अभिनेत्री त्रिशा दोनों फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। करुप्पु में त्रिशा और सूर्या के अलावा मलयालम अभिनेता इंद्रांस, शिवदा, स्वासिका और तमिल अभिनेता योगी बाबू और छायाकार व अभिनेता नट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। इसमें युवा संगीत सनसनी साई अभ्यंकर का संगीत और जीके विष्णु का छायांकन होगा, वही छायाकार जिन्होंने विजय की बिगिल, जवान और मर्सल जैसी फिल्मों में अपने काम से प्रभावित किया था। दूसरी ओर, विश्वम्भर 2026 की गर्मियों में रिलीज़ होगी। चिरंजीवी ने अगले साल गर्मियों में फिल्म रिलीज़ होने की घोषणा करते हुए बताया था कि विश्वम्भर चंदामामा की तरह एक अद्भुत कहानी है और यह बचों और हर वयस्क व्यक्ति के भीतर के बचे को पसंद आएगी।



# कैप्टेंसी टास्क में बवाल

बिग बॉस 19% के घर में मालती और तान्या के बीच की तू-तू मैं-मैं खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. वहीं दूसरी तरफ इस घर में कैप्टेंसी की रेस भी जोरों पर है. अब देखना दिलचस्प होगा कि इस जंग में आज किसकी जीत होती है.बग बॉस 19' में इस हफ्ते कैप्टेंसी के टास्क ने घर का माहौल पूरी तरह से गर्म कर दिया है. जहां एक तरफ कंटेस्टेंट्स ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, वहीं मालती चाहर का सोने पर ड्रामा, तान्या मित्तल का फूट-फूटकर रोना और फरहाना का गुस्सा बिग बॉस के लेटेस्ट एपिसोड का प्रमुख आकर्षण रहा. इसी हाई-वोल्टेज ड्रामे के बीच नेहल ने घर की नई कैप्टन बनकर सबको चौंका दिया.कैप्टेंसी की दौड़ में नेहल चुडासमा, नीलम गिरी, शहबाज और तान्या मित्तल विनर बनकर उभरे थें. लेकिन ये जीत तान्या के लिए भारी साबित हुई. दरअसल, मालती चाहर ने तान्या पर अमल के पजल को चूमने का आरोप लगाया था, साथ ही दोनों के झगड़े में मालती ने तान्या के घरवालों को लेकर भी उनके साथ बहस की थी. मालती के साथ हुई तीखी बहस के बाद तान्या, जीशान के सामने बुरी तरह रोने लगीं.अगली सुबह समय होने के बाद भी मालती चाहर ने बिग बॉस के घर में सोने की कोशिश की, जिस पर फरहाना का गुस्सा भड़क उठा. फरहाना ने उन्हें गुस्से में उठाते हुए कहा, फ्रबीमार नहीं हो. यही सब करने आई हो तुम यहां? सोने आई हो?फ्र जवाब में मालती ने 'बिग बॉस' से फरहाना को घर से बाहर निकालने की मांग की. इस झगड़े में फरहाना ने मालती को 'घटिया औरत' तक कह डाला और बिग बॉस को यह भी कह दिया कि वाइल्ड कार्ड के तौर पर मालती उनकी गलत चॉइस हैं. इस ड्रामे ने साफ कर दिया कि मालती के लिए ये दिन भारी पड़ने वाला है. नीलम ने तान्या को बताया कि मालती ने कहा है कि तान्या जैसा खेल रही हैं, उससे बाहर उनकी और उनके परिवार की छवि खराब हो सकती है. तान्या ने पहले तो इसका विरोध किया, लेकिन नीलम और जीशान ने उन्हें याद दिलाया कि पहले उनका बयान कुछ और था. जब नीलम ने तान्या से पूछा कि क्या वो कैप्टन बनना चाहती हैं, तो तान्या ने 'ना' कह दिया. इस पर नीलम ने जीशान से कहा, फ्रफिर तुझे वोट करके एक वोट क्यों खराब करना?फ्र तान्या ने पलटकर कहा कि वो इतना बड़ा बिजनेस चलाती हैं, तो यह छोटी सी कैप्टेंसी संभालना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है.कैप्टन चुनने की प्रक्रिया में शहबाज ने सबको हंसाते हुए कहा कि अगर उन्हें वोट मिला तो वो घर को नया पेंट करवा देंगे. उन्होंने कुनिका को लालच दिया कि अगर वह उन्हें वोट करेंगी तो वह वॉशरूम उनके पास शिफ्ट करवा देंगे।



# अमिताभ बच्चन ने 83वें जन्मदिन पर खुद को दिया करोड़ों का तोहफा

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बचन 11 अक्टूबर को अपना 83वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर पूरा देश बिग बी को बधाई दे रहा है और उनके फैंस के लिए भी ये खास पल है। अपने इस खास दिन पर अमिताभ ने खुद को आलीशान प्रॉपर्टी गिफ्ट की है। एक्टर ने मुंबई के पास अलीबाग में अपने प्लॉट कलेक्शन में तीन और प्लॉट जोड़ लिए हैं। अपने लंबे और सफल करियर के लिए मशहूर अभिनेता ने शहर के नजदीक और शांत इलाके में रियल एस्टेट में निवेश किया है।सीआरई मैट्रिक्स से मिले पंजीकरण रिकॉर्ड के अनुसार, नए अधिग्रहीत प्लॉट, जिनकी संख्या 96, 97 और 98 है, कुल मिलाकर 9,557 वर्ग फुट में फैले हैं। तीनों संपत्तियों का पंजीकरण 7 अक्टूबर को हुआ, जिसमें अमिताभ बचन ने 39.58 लाख रुपये का स्टांप शुल्क अदा किया। अमिताभ बचन,द्वद्वह्लड्डड्ढ क्चड्डष्द्धष्द्धड्डठ्ठ ने खरीदी 3 प्रॉप्रटी तीनों में सबसे बड़ा प्लॉट 96, 4,047 वर्ग फुट में फैला है और इसकी कीमत 2.78 करोड़ रुपये है। प्लॉट 97 का क्षेत्रफल 2,776 वर्ग फुट है और इसे 1.92 करोड़ रुपये में खरीदा गया था, जबकि प्लॉट 98 का क्षेत्रफल 2,734 वर्ग फुट है और इसे 1.88 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ये प्रॉपर्टीज HOABL लैंडबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बेची गईं। अलीबाग में दूसरी प्रॉपर्टी ये प्रॉपर्टी अलीबाग में अमिताभ बचन की दूसरी प्रॉपर्टी है। अप्रैल 2024 में, उन्होंने उसी क्षेत्र में HoABL से 10 करोड़ रुपये में 10,000 वर्ग फुट का प्लॉट खरीदा था।

भारतीय सिनेमा के इतिहास में युग पुरुष का दर्जा रखने वाले और हिंदी सिनेमा को नया रूप देने वाले अमिताभ बचन ने भोजपुरी सिनेमा में भी काम किया है. वह भी पुराने और नए दोनों दौर की फिल्मों में. यह बात बहुत कम लोग को पता है.देश के दिल पर राज करने वाले सदी के महानायक अमिताभ बचन का जन्म 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुआ था. वे इस साल अपना 83वां जन्मदिन मना रहे हैं. अमिताभ ने 1969 में फिल्म सात हिंदुस्तानी से अपने फिल्मी करिअर की शुरुआत की, लेकिन 1973 में आई फिल्म जंजीर में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका ने उन्हें एंग्री यंग मैन का तमगा दिलाया. इसके बाद दीवार और शोले जैसी फिल्मों ने उन्हें एक सशक्त अभिनेता के रूप में स्थापित कर दिया. यह तो सब जानते हैं, परंतु बहुत कम लोग को पता है कि अमिताभ बचन को भोजपुरी फिल्मों में लाने वाले अभिनेता सुजीत कुमार थे।

# 'सैयारा' फेम अनीत पड्डा के पुराने वीडियो ने मचाया बवाल



**धार्मिक भावनाएं आहत करने का लगा आरोप**

इस साल की शुरुआत में फिल्म 'सैयारा' की रिलीज़ के साथ ही अनीत पड्डा का नाम रातोंरात सुर्खियों में आ गया। लेकिन कुछ ही महीनों बाद, सोशल मीडिया पर उनका एक पुराना वीडियो सामने आया जिसने उन्हें एक अलग ही वजह से चर्चा का विषय बना दिया। इस वायरल वीडियो में अनीत एक गाना गाते हुए नज़र आ रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद फैंस और दर्शकों की प्रतिक्रियाएं मिलीजुली रही हैं —कुछ लोगों ने उनकी गायकी की तारीफ़ की, तो कुछ ने उनके पहनावे और लुक्स को लेकर टिप्पणी की।साथ ही उनके गाने को भी नपसंद किया जा रहा हैं। तो आखिर यह वीडियो है क्या, और अनीत अचानक से फिर चर्चा में क्यों आ गई हैं?

हाल ही में सोशल मीडिया पर अनीत का एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें वह मशहूर उर्दू कविता 'लब पे आती है दुआ' को गाने और रैप की तरह पेश करती दिख रही हैं। यह वीडियो सामने आने के बाद दर्शकों के एक वर्ग ने इस पर नाराज़गी जताई और अभिनेत्री पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया। कई यूज़र्स ने कमेंट करते हुए लिखा कि यह एक प्रार्थना है, कोई गाना नहीं, और इसे इस तरह प्रस्तुत करना अपमानजनक है। किसी ने कहा, दुनिया में और गाने नहीं बचे क्या? तो किसी ने लिखा, शर्म आनी चाहिए, लगता है इसका मतलब नहीं पता।

## फैंस ने किया समर्थन

हालांकि, इस विवाद के बीच अनीत के कई फैंस उनके बचाव में भी सामने आए। एक फैन ने कमेंट किया, वह किसी धर्म का मज़ाक नहीं उड़ा रही हैं। यह कविता 'बच्चे की दुआ' के नाम से जानी जाती है और इसे स्कूलों में पढ़ाया जाता है। वहीं दूसरे ने कहा, वो बस मज़े कर रही थीं, इसमें नफरत जैसी कोई बात नहीं।

## करियर की शुरुआत

अनीत ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2022 में आई फिल्म 'सलाम वेंकी' से की, जिसे रेवती ने निर्देशित किया था। हालांकि उनका रोल छोटा था, लेकिन उनके अभिनय की तारीफ़ हुई। इसके बाद उन्होंने 2024 में अमेज़न प्राइम की वेब सीरीज़ 'क्द्वद्द त्नद्वह्म्ह्यद्ब ष्ठश्ठ्ठ'ह्ल ष्टह्म4' में रूही आहूजा की भूमिका निभाई, जिससे उन्हें डिजिटल ऑडियंस के बीच पहचान मिली।

आपको बता दें कि अनीत पढ़ाई के साथ-साथ एक बेहद मशहूर कमर्शियल ऐक्ट्रेस भी रही हैं। हालांकि, अगर उनकी लव लाइफ की बात करें तो इस बारे में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि वह रियल लाइफ में भी अहान पांडे को डेट कर रही हैं।

सहयोग परिवार के लिए राजकिशोर पासी द्वारा शोभित ऑफसेट, के- 540,इंद्रलोक कॉलोनी,( निकट भारत माता मंदिर) डॉ० मानसनगर ,कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर अवध विहार कॉलोनी, पोस्ट . मानस नगर ,कानपुर रोड लखनऊ से प्रकाशित किया। राज किशोर पासी संपादक मो० 9956250100 नोट. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।